* वर्ष 40 * अंक 62 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शुक्रवार दिनांक 29 नवम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## प्रदेश में सभी स्कूलों का एक समय होगा

### सभी सरकारी और आरबीएसई से जुड़े प्राइवेट स्कूलों पर आदेश लागू, नहीं मानने पर मान्यता रद्द होगी

**बीकानेर (पुकार)।** शिक्षा विभाग ने राजस्थान के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल (राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध) को एक साथ संचालित करने के आदेश दिए हैं। ऐसे सभी स्कूल एक साथ शुरू होंगे और एक ही समय पर सबकी छुट्टी होगी। अगर कोई स्कूल इन आदेशों की अवहेलना करेगा, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि मान्यता भी रद्द की जा सकती है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने यह आदेश जारी किए गए हैं।

**सर्दी में आधे घंटे कम होगी पढ़ाई**

माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सर्दी के समय में एकल पारी स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ही चलेंगे। इसके अलावा दो पारी वाले स्कूल सुबह साढ़े 7 से शाम साढ़े 5 बजे तक चलेंगे। दो पारी वाले स्कूल की प्रत्येक पारी सर्दी में 5 घंटे की ही रहेगी।

गर्मी में सभी एक पारी के स्कूल सुबह साढ़े 7 से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे।



दो पारी वाले स्कूल सुबह 7 से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। दो पारी वाले स्कूलों में गर्मी में प्रत्येक पारी साढ़े 5 घंटे की होगी। दो पारी वाले स्कूलों में सर्दी में आधा घंटे कम पढ़ाई होगी।

**नियम नहीं मानने पर होगी कार्रवाई**

निदेशक आशीष मोदी ने कहा- विभाग के ध्यान में आया है कि राज्य में संचालित गैर सरकारी स्कूल शिविरा (शैक्षणिक) कैलेंडर को पूरी तरह पालन नहीं कर रहे हैं। सर्दी बढ़ने के बाद भी स्कूलों का संचालन सुबह जल्दी किया जा रहा है। इससे स्टूडेंट्स के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। अगर कोई प्राइवेट स्कूल कैलेंडर का पालन नहीं करता है तो संबंधित स्कूल के खिलाफ राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों की मान्यता व क्रमोन्नति भी रद्द्द की जा सकती है।

**असमंजस की स्थिति**

आदेश के बाद ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि ये आदेश सीबीएसई स्कूल पर लागू होगा या नहीं। सभी सीबीएसई स्कूल अपने स्तर पर अलग से समय तय करते हैं। शिक्षा विभाग एनओसी देते हुए शर्त रखता है कि शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करना होगा।

## मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी

### कैंसर, स्किन समेत अन्य बीमारियों से संबंधित नई दवाइयां होगी लिस्ट में शामिल

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में भजनलाल अब मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना का दायरा बढ़ाने जा रही है। इसमें कैंसर, स्किन से जुड़ी दवाइयों के अलावा अन्य बीमारियों से संबंधित दवाइयां भी सूची में शामिल की जाएगी। प्रदेश के अलग-अलग हॉस्पिटलों से लगातार आ रही मांग और कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ये निर्णय किया है। इसके संबंध में आज राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लि. (आरएमएससीएल) के अधिकारियों और दवाइयों की संख्या बढ़ाने के उदेश्य से बनाई कमेटी के सदस्यों की एक बैठक भी हुई।

बता दें कि वर्तमान में मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी दवा योजना के तहत 1240 दवाइयां, 428 सर्जिकल्स और 156 सूचर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं, हर रोज पूरे प्रदेश में औसतन 4.50 लाख मरीज इस योजना के जरिए फ्री दवाइयां लेते हैं। सरकार ने मौजूद फाइनेंशियल ईयर में इस योजना के लिए 2,122 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है।

**पुरानी दवाइयों को अपग्रेड करने की मांग**

बैठक में कमेटी के कुछ सदस्यों ने मौजूदा दवाइयां और सर्जिकल आइटम की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उनके अपग्रेड करने की भी मांग की। सदस्यों ने कहा- मौजूदा समय में कुछ दवाइयों की जगह अब बाजार में सब्सीट्यूट के तौर पर अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां आ रही है, जिन्हें अब लाना चाहिए, ताकि मरीजों को इसका




फायदा हो।

**कैंसर से जुड़ी बच्चों की दवाइयां होगी शामिल**

सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ समय से जे.के. लोन समेत प्रदेश के दूसरे हॉस्पिटल में छोटे बच्चों में कैंसर के केस बढ़ रहे है। इन बच्चों के लिए अभी दवाइयां बहुत सीमित है, ऐसे में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए डिमांड लम्बे समय से आ रही है।

**390 दवाइयों की टेस्टिंग पूरी**

बैठक में आरएमएससीएल एमडी और अधिकारियों ने बताया कि निगम की तरफ से अभी 390 नई दवाइयों की टेस्टिंग करवाई जा रही है। जिनके रिजल्ट आने के बाद जल्द ही इनमें से जरूरी दवाइयों को निन्शुल्क वाली सूची में शामिल करके सप्लाई की जाएगी।



## के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का पनडुब्बी से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना ने गुरूवार को के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। 3500 किलोमीटर की रेंज वाली यह मिसाइल हाल ही में इंडक्ट की गई न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन (पनडुब्बी) से दागी गई है। बंगाल की खाड़ी में हुए इस परीक्षण को भारतीय डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए काफी अहम माना जा रहा है। इससे देश की न्यूक्लियर ताकत में इजाफा होगा। इस मिसाइल को पानी के भीतर से पनडुब्बी के जरिए दागा जा सकता है। इसके चलते दुश्मनों को हमले की भनक तक नहीं हो सकेगी। रक्षा सूत्रों ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि मिसाइल टेस्ट के रिजल्ट को अभी एनालाइज किया जा रहा है। इसके बाद टॉप मिलिट्री और पॉलिटिकल लीडरशिप को ब्रीफ किया जाएगा। यह परीक्षण भारत की परमाणु त्रिकोण को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे परमाणु हमले की स्थिति में देश की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता सुनिश्चित होगी। पानी के नीचे से लॉन्च किए जाने के लिए डिजाइन की गई च-4 बैलिस्टिक मिसाइल भारत के शस्त्रागार में एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने पहले मिसाइल को इसके पूर्ण-सीमा परीक्षण के लिए तैयार करने के लिए व्यापक परीक्षण किए थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह ऐसे रणनीतिक हथियारों के लिए आवश्यक कड़े परिचालन मानकों को पूरा करता है। यह सफल परीक्षण आईएनएस अरिघात को और मजबूत करता है, जिसे कुछ महीने पहले ही अगस्त 2024 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। पनडुब्बी को विशाखापत्तनम स्थित जहाज निर्माण केंद्र में शामिल किया गया था और इसमें अपने पूर्ववर्ती आईएनएस अरिहंत की तुलना में अधिक शक्तिशाली मिसाइल प्रणाली सहित उन्नत तकनीक है। आईएनएस अरिघात में के-4 मिसाइलें लगी हैं जो 3,500 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम हैं।

## महाराष्ट्र सीएम पर सस्पेंस कायम : शाह के घर ढाई घंटे चली बैठक के बाद भी नहीं निकला नतीजा

**भाजपा के 2 ऑब्जर्वर मुंबई जाएंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के घर पर करीब ढाई घंटे तक बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में मंत्रिमंडल बंटवारे को लेकर चर्चा हुई है। वहीं, भाजपा के दो ऑब्जर्वर 1 दिसंबर को मुंबई जाएंगे। वे विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे और विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। बैठक के बाद अजित पवार और फडणवीस मुंबई जाने के लिए निकल चुके हैं।

वहीं, एकनाथ शिंदे अपने बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे के घर पहुंचे हैं। यहां वे अपने सांसदों के साथ बैठक कर रहे हैं।? शिंदे सांसदों को अमित शाह के साथ हुई मीटिंग की डिटेल देंगे। वे दिल्ली में ही रुकेंगे। गृह मंत्री के घर बैठक में देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, एनसीपी सांसद



प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी मौजूद रहे। इस मीटिंग से पहले अमित शाह और एकनाथ शिंदे के बीच करीब आधे घंटे तक अकेले में बैठक हुई थी। शिंदे ने दिल्ली पहुंचते ही मीडिया से कहा था- लाडला भाई दिल्ली आया है। वे इससे पहले कह चुके हैं कि भाजपा के वरिष्ठ नेता जो फैसला लेंगे, उसका समर्थन करूंगा। वहीं, अमित शाह के घर पहुंचने से पहले फडणवीस और अजित पवार के बीच भी मीटिंग हुई है।

**शिंदे ने कहा था- हमें भाजपा का सीएम मंजूर**

कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने 28 नवंबर को ठाणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें भाजपा का सीएम मंजूर है। मुझे पद की लालसा नहीं। जब मैं मुख्यमंत्री था, तब मोदी जी मेरे साथ खड़े रहे। अब वे जो फैसला लेंगे स्वीकार होगा।

## राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश : पुलिस की निगेटिव रिपोर्ट के बावजूद बनेगा पासपोर्ट

**जयपुर (पुकार)।** पासपोर्ट बनवाने या उसे रिन्यू कराने की कतार में लगे लोगों के लिए खुशखबरी है। राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर पुलिस जांच की रिपोर्ट नकारात्मक आ जाए, तब भी पासपोर्ट बनने से नहीं रोका जा सकता है। हाल ही में हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि पुलिस सत्यापन की रिपोर्ट निगेटिव होना अपने आप में किसी नागरिक को पासपोर्ट पाने के कानूनी अधिकार से वंचित नहीं करता है। जस्टिस अनूप कुमार ढांड की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि पासपोर्ट प्राधिकरण पुलिस की रिपोर्ट से बंधी हुई नहीं है। सावित्री शर्मा बनाम भारत सरकार के मामले में सावित्री शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने अपने फैसले में कहा, प्रतिकूल पुलिस सत्यापन रिपोर्ट किसी नागरिक को पासपोर्ट पाने के उसके कानूनी अधिकार से वंचित नहीं कर सकती है। यह पासपोर्ट प्राधिकरण को तय करना होता है कि सत्यापन रिपोर्ट में आरोपित व्यक्ति के तथ्यों/पूर्ववृत्त को ध्यान में रखते हुए उसे पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए या नहीं।




हालांकि, अदालत ने पासपोर्ट विभाग को छूट दी है कि यदि पुलिस सत्यापन में कुछ गड़बड़ मिलता है, तो वे विधि अनुसार कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने केन्द्र सरकार और पासपोर्ट अधिकारी को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के पासपोर्ट नवीनीकरण का प्रार्थना पत्र 8 सप्ताह में निष्पादित करे। हाई कोर्ट ने कहा कि किसी भी भारतीय नागरिक को उसके पासपोर्ट प्राप्त करने या नवीनीकरण करने के कानूनी अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने साफ कहा कि पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी करने का निर्णय केवल पासपोर्ट प्राधिकरण की ओर से ही लिया जाना चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि चूंकि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के प्रावधान पासपोर्ट प्राधिकरण को पासपोर्ट जारी करने से पहले जांच करने की अनुमति देते हैं, इसलिए वह यात्रा दस्तावेज चाहने वाले व्यक्ति के पिछले इतिहास के संबंध में पुलिस सत्यापन रिपोर्ट मांग सकता है। पासपोर्ट प्राधिकरण द्वारा ऐसी जांच का उद्देश्य यह तय करने में सक्षम बनाना है कि प्रत्येक विशेष मामले की परिस्थितियों में पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए या अस्वीकार किया जाना चाहिए। हालांकि, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अंत में निर्णय पासपोर्ट प्राधिकरण को ही लेना है, जिसमें जांच रिपोर्ट को ध्यान में रखने का विकल्प भी शामिल है।

**चीता कॉरिडोर पर फैसला आज**

**जयपुर।** सरकार की बजट घोषणा के बाद राजस्थान में अब चीता लैंडस्केप बनाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर शुक्रवार को रणथंभोर में मध्यप्रदेश और राजस्थान वन विभाग के अधिकारियों की बैठक होगी। इसमें चीता लैंडस्केप परियोजना के अंतर्गत चीतों की बसावट को लेकर राजस्थान वन विभाग द्वारा मध्य प्रदेश के साथ जल्द ही एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) करने की योजना पर फैसला किया जाएगा।

## उच्च रक्तचाप, शुगर के इलाज में दी जाने वाली 56 दवाओं की गुणवत्ता में खोट

### इनमें 23 दवाओं का हिमाचल की फार्मा कंपनियों में हुआ है उत्पादन

### सीडीएससीओ ने दवा नियंत्रकों को कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**सोलन (एजेंसी)।** देशभर की दवा कंपनियों में निर्मित हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, शुगर, निमोनिया और संक्रमण के इलाज समेत दर्द निवारक के रूप मे प्रयोग होने वाली कुल 56 सैंपल जिसमें दवाएं, इंजेक्शन और सीरिंज व काटन भी शामिल हैं, जांच में फेल हो पाए गए हैं। इनमें 23 दवाओं का उत्पादन हिमाचल प्रदेश में हुआ है। हिमाचल के अलावा हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, सिक्किम, बंगाल, आंध्र प्रदेश व ओडिशा के उद्योगों में बनी दवाएं भी मानकों पर खरी नहीं उतरीं।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने बुधवार को अक्टूबर का ड्रग अलर्ट जारी किया है। सीडीएससीओ ने सभी राज्यों के दवा नियंत्रकों को सूची जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। दवाओं में जो कमियां पाई गई हैं, उनमें कुछ दवाएं मिस ब्रांडेड पाई गई हैं। इन पर दर्शाई गई जानकारी सही नहीं है ।

इसके अतिरिक्त बंगाल की बनने वाली सूजन, संक्रमण के इलाज में प्रयोग की जाने वाली दो दवाओं के सैंपल, महाराष्ट्र में निर्मित दवा का एक सैंपल, ओडिशा में बने सिंगल यूज सीरिंज, सिक्किम में बनी जोड़ों के दर्द की दवा और रक्तचाप की दवा, लुधियाना में निर्मित स्तन कैंसर के इलाज में प्रयोग किया जाने वाला इंजेक्शन और तेलंगाना में निर्मित संक्रमण के लिए प्रयोग किए जाने वाले इंजेक्शन का सैंपल भी जांच में सही नहीं पाया गया।

**किन राज्यों की कितनी दवाओं की गुणवत्ता खराब मिली**

- **हिमाचल प्रदेश - 23 :** सूजन, फंगल इंफेक्शन, गुर्दा रोग, डायबिटीज, एलर्जी, हृदय रोग, गैस, दर्द, त्वचा का इंफेक्शन, अल्सर की दवा, रक्तचाप की दवा, नेजल साइनेस की दवा, संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा।
- **हरियाणा - 4 :** आंख के इलाज के दौरान इस्तेमाल होने वाली काटन, एंटीबायोटिक दवा और इंजेक्शन, जुकाम की दवा ।
- **उत्तराखंड - 8 :** त्वचा में दाग के उपचार की दवा, कैल्शियम की कमी दूर करने वाली विटामिन की दवा, एंटीबायोटिक, उच्च रक्तचाप की दवा पेन किलर ।
- **गुजरात - 6 :** अल्सर की दवाएं, दर्द निवारक, क्रीम, गैस की दवा ।
- **मध्य प्रदेश - 4 :** बुखार और दर्द की दवा, गुर्दा रोग की दवा और इंजेक्शन।

## 9 को पीएम मोदी करेंगे राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन

### सीएम बस में सवार होकर तैयारियां देखने पहुंचे; एक संकल्प लिया

**जयपुर (पुकार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट का उद्घाटन करेंगे। जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय समिट की तैयारियों का गुरुवार को सीएम भजनलाल शर्मा ने जायजा लिया। सीएम, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई और अधिकारी बस में सवार होकर सीएमओ से रवाना हुए। जेएलएन मार्ग और टोंक रोड होते हुए सीएम भजनलाल शर्मा जेईसीसी पहुंचे और यहां पर समिट को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। समिट से पहले सीएम रोज लेंगे एक नया संकल्प राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट 9,10 और 11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होगी। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा समिट को सफल बनाने के लिए अगले 10 दिनों तक रोज एक नया संकल्प लेंगे। आज पहला संकल्प लेते हुए सीएम ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन दिवस पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होगा। यह समिट सूरज की ताकत से प्रदेश के विकास में नया सवेरा लाएगा। उन्होंने कहा- हमारी प्राथमिकता है कि प्रदेश में बिजली की आपूर्ति के लिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। राज्य सरकार की अनुकूल निवेश नीतियों से राजस्थान अक्षय ऊर्जा निवेशकों की पसंद बना हुआ है। आज राजस्थान देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश को 2027 तक ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं।

**समिट मील का पत्थर साबित होगी**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान समिट आयोजित कर रहे हैं। समिट में कई देशों से निवेशक आ रहे हैं। राजस्थान में अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को देखते हुए हर क्षेत्र में राजस्थान को आगे लाने के लिए संकल्प पत्र में हमने जो वादे किए थे। उन्हें पूरा करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश में कैसे ज्यादा से ज्यादा निवेश आए। इसे लेकर हमारा पूरा मंत्रिमंडल और अधिकारी लगे हुए हैं। हमारे मिनरल, स्टोन,पेट्रो केमिकल, चिकित्सा, शिक्षा, ऑटोमोबाइल हर क्षेत्र में निवेशक आ रहे हैं। उन्होंने कहा- राजस्थान के लिए राइजिंग राजस्थान 'मील का पत्थर' साबित होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जो भी निवेशक आएगा, उसका राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया जाएगा।



## राजस्थान में ड्रग्स माफियाओं पर कसेगा शिकंजा : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बनेगी, 2 आईपीएस सहित 255 पद मंजूर

**भारत-पाक बॉर्डर पर होगा ऑफिस**

**जोधपुर (पुकार)।** आंध्र प्रदेश, बिहार और तेलंगाना के बाद अब राजस्थान में भी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन होगा। यह टास्क फोर्स जोधपुर से संचालित होगी। ड्रग्स माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए इसका गठन किया गया है।

वहीं एनसीबी का एक ऑफिस भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर श्रीगंगानगर में शुरू होने वाला है। बॉर्डर पर एनसीबी की कार्रवाई के लिए जोधपुर से टीम जाती थी। अब वहीं डेडिकेटेड टीम होने से तस्करी पर तुरंत कार्रवाई हो सकेगी।



**समन्वय के साथ बेहतर परिणाम आएंगे सामने :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया- इस फोर्स की राजस्थान में 9 चौकियां स्थापित होंगी। ड्रग्स माफिया को खत्म करने के लिए डेडिकेटेड फोर्स की जरूरत थी। वह इस टास्क फोर्स के गठन से पूरी हुई। उन्होंने बताया-ड्रग्स माफिया को खत्म करने का हम प्रयास कर रहे हैं, लेकिन टास्क फोर्स बनने के बाद बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

सोनी ने बताया-नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का हेड क्वार्टर जोधपुर से संचालित होगा। श्रीगंगानगर में ऑफिस होने से वहां बैठे कर्मचारी बॉर्डर पर होने वाली ड्रोन से ड्रग्स की सप्लाई सहित कई मामलों में तुरंत कार्रवाई करेंगे। अभी यहां से टीम बॉर्डर तक जाती है, उसके बाद काम शुरू होता है। यहां से टीम को पहुंचने में पांच घंटे लगते हैं। टीम वहीं होगी तो तुरंत एक्शन ले सकेगी।

**सीमा पार से लगातार होती हेरोइन तस्करी**

पिछले कुछ समय से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे जिलों में ड्रोन से तस्करी के मामले लगातार बढ़े हैं। सीमा पार से तस्कर भारत की सीमा में ड्रोन से हेरोइन के पैकेट फेंकते हैं। इसके बाद तस्कर उस पैकेट को लेकर आगे सप्लाई करता है। अब ऐसे नेटवर्क को तोड़ना और तुरंत कार्रवाई करना आसान होगा।

## हेमंत चौथी बार झारखंड के सीएम बने, अकेले शपथ ली

### मंच पर राहुल, केजरीवाल, ममता समेत इंडिया की 10 पार्टियों के नेता मौजूद रहे

**रांची (एजेंसी)।** जेएमएम नेता हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के सीएम बन गए। उन्हें गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में गवर्नर संतोष गंगवार ने शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में किया जाएगा। समारोह में 'इंडिया' की 10 पार्टियों के 18 बड़े नेता शामिल हुए। इनमें राहुल गांधी, प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरजेडी के तेजस्वी यादव मौजूद रहे। दोपहर 3 बजे हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन को हाथ पकड़कर समारोह स्थल ले गए। शपथ से पहले हेमंत ने कहा, आज का दिन ऐतिहासिक होगा। हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। हम झारखंडी हैं और झारखंडी झुकते नहीं हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिदो- कान्हू उद्यान में अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। वहीं, बोकारो के चंदनकियारी के अग्निवीर जवान अर्जुन महतो के शहीद होने पर उनके



भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र दिया।

**9 से विधानसभा का विशेष सत्र :** शपथ के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहली कैबिनेट की बैठक की। इसमें विधानसभा का सत्र 9 दिसंबर से शुरू करने की मंजूरी दी गई। यह विशेष सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वास मत हासिल करेंगे। इसके अतिरिक्त दिसंबर से हर हाल में मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपए देने का फैसला लेते हुए अधिकारियों को इसे सुनिश्चित करने को कहा है।वहीं, प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### आशीष अध्यक्ष, कुशल महामंत्री मनोनीत



**ऋषभदेव,(पुकार)** । अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद शाखा ऋषभदेव की गुरुवार को महावीर नगर मंदिर परिसर मे बैठक आयोजित की गई। प्रदेश संयुक्त महामंत्री सचिन गनोडिया ने बताया की सर्वसम्मति से संरक्षक मिथिलेश भंवरा, अध्यक्ष आशीष गांधी, महामंत्री कुशल शाह, उपाध्यक्ष अक्षय दलावत, कोषाध्यक्ष नितीश जैन, सह मंत्री अमित गनोडिया तथा सांस्कृतिक मंत्री प्रशांत जैन को मनोनीत किया गया। इससे पूर्व बैठक मे 5 जनवरी को अयोध्या मे होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन मे युवा परिषद के अधिक से अधिक सदस्यो को भाग लेने हेतु अनुरोध किया। कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष देहात सुनिल लूणदिया, पूर्व अध्यक्ष अतुल अकोत, पूर्व महामंत्री पुष्पदन्त मेहता, महेन्द्र दलावत, बाहुबली गांधी, विकास किकावत, अंकित भानावत, अमित दोवडिया, रमेश भंवरा, ऋषि भानावत, योगेश गांगावत, धनपाल दोवडिया, गौरव वालावत, तरुण अकोत, दिव्यांक वानावत, हिमांशु गनोडिया, दीक्षांत किकावत, कमलेश वानावत, पारस गांधी, तरुण अकोत सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### आमेट बार के चुनाव 9 दिसम्बर को,

**आमेट** । बार एसोसिएशन आमेट के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव 9 दिसम्बर को होने की अधिसूचना निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद नूर शेख ने घोषित कर विधिवत रूप से चुनाव का कार्यक्रम जारी किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी करण सिंह भाटी ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु आगामी 4 दिसंबर 2024 को अधिवक्ता अपने-अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे और उसी दिन दोपहर बाद नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। दिनांक 6 दिसंबर 2024 को दोपहर 2 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर मतदान 9 दिसंबर 2024 को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक बार भवन आमेट में होगा और 4 बजे मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने पर इच्छुक दावेदारो के बीच चुनाव को लेकर बैठके होना प्रारंभ हो गई है। दावेदार अधिवक्ता अपने-अपने समर्थको के साथ चुनावी मंत्रणा में जुट गए है।

### ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित

**आमेट** । नगर के ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट में ज्ञानोदय शिक्षण संस्थान के द्वारा निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व विद्यालय में ज्ञानोदय शिक्षण संस्थान आमेट ने अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा छात्र-छात्राओं का शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नेत्र परीक्षण के दौरान जिन छात्र-छात्राओं में नेत्र संबंधित बीमारियां जैसे निकट दृष्टि दोष व दूर दृष्टि दोष पाया गया उन छात्र-छात्राओं को चश्मा वितरण कार्यक्रम में चश्मे वितरित किए गए। प्रस्तुत कार्यक्रम में नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक ने बताया कि हमारे मस्तिष्क को प्राप्त होने वाली अधिकांश जानकारी आंखों के माध्यम से आती है, अतः हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम आंखों को हमेशा सुरक्षित रखें व आंखों को किसी भी प्रकार का खतरा नहीं होने दे। यदि चिकित्सक ने हमें चश्मा पहनना निर्धारित किया है तो हमें हमेशा चश्मा पहनना चाहिए । ताकि जोखिम के कारण को नियंत्रित किया जा सके! इस अवसर पर संचालक दिनेश चंद्र शर्मा व सीबीओ नरेंद्र सिंह चुण्डावत उपस्थित थे।

### परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण हेतु अध्यापक अभिभावक बैठक आयोजित



**निंबाहेड़ा** । निंबाहेड़ा में यहां समीपवर्ती गादोला में गुरुवार को राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख 2024 जिले के चयनित विद्यालयों में चार दिसम्बर को आयोजित होने जा रहा है,जिसके संदर्भ में तैयारी हेतु संस्था प्रधान वीणा शर्मा के निर्देशन में गुरुवार को गादोला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपप्राचार्य मोहम्मद युनुस शेख ने की। बैठक में सचिव रमेश्वर दत्त शर्मा ने समस्त अभिभावकों से परख के दिन शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु आह्वान किया एवं मॉक-टेस्ट परिणाम से अवगत कराया। उपप्राचार्य मोहम्मद युनुस शेख ने अभिभावकों से अपार आइ डी,आधार प्रमाणिकरण,जनाधार आथिंटेकेशन हेतु आग्रह किया। बैठक में लगभग 45 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। संचालन केसर खां पठान ने किया।

### पिता की पुण्यतिथि पर विद्यालय में अलमारी भेंट



**चित्तौड़गढ़।** निकटवर्ती गांव मानपुरा निवासी श्री बाबुलाल गर्ग, लोकेश गर्ग ने अपने पिता स्व. श्री गोवर्धनलाल जी गर्ग की पुण्यस्मृति में गुरुवार को प्रातः गांव के ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक अलमारी सप्रेम भेंट की। इस मौके पर विद्यालय संस्था प्रधान प्रदीप कुमार शर्मा, जमनालाल खटीक, लालचंद सैनी द्वारा स्व. श्री गोवर्धनलाल जी गर्ग के पुत्र बाबुलाल, लोकेश का एवं अध्यापिका निर्मला शर्मा एवं दीपिका द्वारा स्व. श्री गोवर्धनलाल जी गर्ग की धर्मपत्नी रतनीदेवी एवं पुत्रवधुओं का उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्व. श्री गोवर्धनलाल जी गर्ग के पौत्र वैदिक, पौत्री अक्षिता, विद्यालय के स्टाफकर्मी पिंकी कुमारी गुर्जर, मधु झामर, विनीता ईनाणी, रश्मि व्यास, निर्मला मीणा, रजनी कुमारी खोखर, गिरिराज मेघवाल, भंवर दास वैष्णव, सरोज कुमारी सैनी, यशोदा खटीक एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित थे। अंत में संस्थाप्रधान द्वारा द्वारा भामाशाह गर्ग परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

### कुमावत युवा शक्ति ने की नये दायित्वों की घोषणा

**चित्तौड़गढ़** । राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवा शक्ति प्रदेश मंत्री आनंद अजमेरा एवं चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष हेमंत कुमावत डूंगरवाल की अनुसंशा पर बुधवार को चित्तौड़गढ़ कार्यकारिणी के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।जिला प्रवक्ता जयेश लाड़ना ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिये गांव-गांव में युवाओ को दायित्व दिये जाकर संगठन को मजबूत दी जा रही है ताकि अधिकाधिक समाज हित में कार्य हो सके। इसी के तहत जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमाकांत नाहर चित्तौड़गढ़, जिला सहसंगठन मंत्री गोपाल ओस्तवाल रानीखेड़ा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण बण्डवाल सरलाई, रतन मंडावरा पंचदेवला, जिला मंत्री लोकेश कड़वाल ओछ्ड़ी को मनोनीत किया गया।

### संगीतमय श्री सत्यनारायण व्रत कथा प्रतापनगर में

**चितौड़गढ़।** शुक्रवार सांय 7.30 बजे से श्री परशुराम भागवत सेवा समिति चितोड़गढ़ के तत्वाधान में संगीतमय श्री सत्यनारायण व्रत कथा व्यास -भागवताचार्य पं.जनार्दन मौड़ के मुखार विन्द से गिरिराज राठौड़ के निवास 68 नगर पालिका कॉलोनी, सेकटर 5 बिलोची धर्मशाला के पास ,प्रतापनगर चितौड़गढ़ रखा गयी है आयोजन से जुड़े राठौड़ ने बताया की भगवान श्री सत्यनारायण का भव्य दरबार सजाया जाएगा जिसमें संगीतमय सत्यनारायण व्रत कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा कथा के बाद महाआरती की जाएगी एवं आप सभी पधार कर प्रभु गुणगान व भक्ति का रस पान करे ।

# सहारा इण्डिया के विरूद्व 2.20 लाख रूपये का अवार्ड पारित

**चित्तौडगढ (पुकार)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग चित्तौडगढ द्वारा एफडी की राशि परिपक्क हो जाने के बाद परिवादी को परिपक्क राशि नही देने के मामले में सहारा इण्डिया के विरूद्व 2.36 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया गया। चित्तौडगढ भोईखेडा निवासी परिवादी रतनलाल भोई पिता भैरूलाल भोई ने अपने अधिवक्ता योगेश काबरा प्रतापनगर, लोकेश मीणा, चमनलाल मीणा चित्तौडगढ के मार्फत एक परिवाद सहारा इण्डिया के विरूद्व जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग चित्तौडगढ में प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मुझ परिवादी ने अपने एजेन्ट के मार्फत वर्ष 2015 में एक एफडी 1,00,000/-रू. 6 वर्ष हेतु सहारा इण्डिया में करायी। उक्त एफडी की परिपक्वता राषि 2,00,000/-रू. प्राप्त होनी थी तथा राशि 16,000/-रू. की एफडी 24 माह के लिए जमा कराए जिसकी परिपक्वता राशि 36,673/-रू. प्राप्त होनी थी जो सहारा इण्डिया द्वारा परिवादी को नही दी गयी। जिस पर परिवादी जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग चित्तौडगढ के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया। अधिवक्ता योगेश काबरा द्वारा अपने तर्क प्रस्तुत करने से संतुष्ट होकर आयोग द्वारा प्रकरण की सुनवाई के बाद विपक्षी सहारा इण्डिया का सेवादोष मानते हुए आयोग के अध्यक्ष श्री प्रभुलाल आमेटा एवं सदस्यगण राजेश्वरी मीणा एवं अरविन्द कुमार भट्ट द्वारा विपक्षीगण के विरूद्व 2,20,070/-रू. एफडी की भुगतान दिनांक से चैक जमा कराये जाने की दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से परिवादी को भुग्रतान करने का आदेश प्रदान किया। इसके अतिरिक्त परिवादी को परिवाद व्यय-अधिवक्ता व्यय एवं मानसिक संताप के 2500-2500 रूपये दिलाये जाने का आदेष प्रदान किया।

## महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी टीम को भामाशाहों द्वारा किट वितरण



**चित्तौड़गढ़** । राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 में जिले की टीम के भाग लेने हेतु भामाशाहों द्वारा खेल किट का खिलाड़ियों को वितरण किया गया। महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी सचिव कानसिंह राठौड़ ने बताया कि चित्तौड़गढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी टीम को खेल किट रिटायर्ड डिप्टी ओम प्रकाश उपाध्याय माय स्कूल निदेशक राकेश बडाला, गुर्जर गोड समाज जिला अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, माली समाज राजस्थान महासभा जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल माली, बोरदा सरपंच प्रतिनिधि पप्पू लाल गुर्जर द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर पवन शर्मा पप्पू सिंह, दिनेश शर्मा, सुनील सेठिया, कैलाश तोतला, शशि रंजन तिवारी, राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रकाश सुखवाल, भगवान काबरा, प्रेम शंकर शर्मा, रतनलाल अहीर, बुढ दिनेश शर्मा, उदयपुर अम्बालाल गुर्जर एवं अन्य खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजस्थान की बेस्ट प्लेयर रही गोलकीपर नेहा धाकड़ का भी सम्मान किया गया सभी अतिथियों द्वारा बालक एवं बालिका टीम का श्रेष्ठ परिणाम की शुभकामनाएं दी गई।

# दुर्ग के लिए ऑटो की दरें निर्धारित कर पर्यटकों को राहत देने की मांग

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । चित्तौड़गढ़ दुर्ग के हेरिटेज में सम्मिलित होने से निरन्तर बढ़ती हुई पर्यटकों की संख्या में पर्यटकों से ऑटो का मनमाना किराया वसूलने व सांठगांठ से बढ़ती लपकागिरी को लेकर शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर दुर्ग पर ऑटो की दर निर्धारित करा कर बोर्ड लगाने और पर्यटकों को शोषण से राहत दिलाये जाने की मांग की।

जिला प्रमुख गोपाल वेद ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर प्रतिदिन सैंकड़ों-हजारों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं और करीब 2 हजार ऑटो रिक्शा चल रहे हैं। पर्यटक घुमने के लिए ऑटो रिक्शा किराये पर लेते हैं। लपकों के गिरोहों से होटलों, धर्मशालाओं, विश्रान्तिगृहों में सांठ गांठ से भारी राशि वसूली हो रही है। लपके ऑटो चालकों से सांठगांठ कर पर्यटकों को घुमाते हैं, ओवरलोट सवारी बैठाते हैं और मनमाना किराया लेते हैं। ऑटो चालकों को थोड़ी बहुत राशि देकर मोटी रकम जेब में रखते हैं। दुर्ग स्थित टिकिट घर, पार्किंग स्थल, ऑटो आदि में लपकों ने भारी सैटिंग कर रखी है। शिकायत पर यातायात अधिकारियों द्वारा केवल खाना पूर्ति की जाती है।

चित्तौड़गढ़ शहर से बाहरी क्षेत्र के ऑटो चालकों से सांठ गांठ कर गिरोह बना कर पर्यटकों के साथ शोघ कर भारी धोखाधड़ी की जा रही है। जिसकी गहना से जांच करने व संबंधित विभाग को आदेशित कर पर्यटकों को शोषण से मुक्ति दिलाने की मांग की गई।

## तुर्रा कलगी कार्यशाला 1 दिसम्बर से

**चित्तौड़गढ़** । पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित उत्तराधिकार गुरू शिष्य परम्परा योजना के अन्तर्गत तुर्राकलगी कार्यशाला प्रशिक्षण 1 दिसम्बर, से 31 मार्च 2025 तक स्थानीय देवरी ग्राम केन्द्र पर आयोजित होगी। अखाड़ा कलगी घोसुण्डा मैनेजर लक्ष्मीनारायण रावल ने बताया कि लोकनाट्य कलाएँ लुप्त होने के कगार पर है और भारत सरकार ऐसी लुप्त होती लोककलाओं को आगे बढ़ाने में निरन्तर प्रयासरत है। यह उत्तराधिकार गुरू शिष्य परम्परा योजना भी ऐसी लोककला को जीवित रखने का प्रयास होगा। इस योजना का उद्घाटन 1 दिसम्बर को राउप्रावि देवरी में किया जाएगा। सांस्कृतिक केन्द्र के निर्देशानुसार 12 बच्चों को तुर्राकलगी शैली में गायन, नृत्य, नाटक, वादन, अभिनय सिखाया जायेगा जिसमें सहायक उस्ताद मिर्जा अकबर बेग कागजी घोसुण्डा सहित 15 से 25 वर्ष के बालक, बालिका शिष्य भाग लेंगे। गुरु लक्ष्मीनारायण रावल देवरी द्वारा विजेन्द्र रावल, प्रवीण वैष्णव, विवेक रावल, अलका रावल, राहुल सुथार, अंकित, संजय कुमार, शुभम, सुनिल सुथार, ओमप्रकाश, भूमिका वैष्णव, विनोद, मुकेश सुथार, सुमित सुथार आदि शिष्यों का चयन किया गया।

**भीलवाड़ा जिले में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी**

## पिछले दो दिनों में 14 प्रकरण दर्ज, कुल 14 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त



**भीलवाड़ा (पुकार)** । जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में भीलवाड़ा जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 27 और 28 नवंबर को 14 प्रकरण दर्ज किए गए और 14 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं।

गुलाबपुरा क्षेत्र में 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रूप से खनिज बजरी का परिवहन करते हुए पकड़ी गईं और उन्हें थाने में खड़ा कराया गया। बड़लियास क्षेत्र में 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध खनिज बजरी के परिवहन में जब्त की गईं। मांडलगढ़, हमीरगढ़ और शंभूगढ़ क्षेत्र में भी एक-एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनिज बजरी के परिवहन में जब्त की गई।

खनि अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान के तहत नियमित चैकिंग की जा रही है और कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत अब तक परिवहन विभाग सहित कुल 90 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और 8 बड़ी मशीनें एवं 50 अन्य वाहन जब्त किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बिलानाम जमीन को खुर्द बुर्द करने का आरोप - जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन




**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । निकटवर्ती ग्राम मेड़ीखेड़ा, भवानीपुरा ग्रामवासियों ने बिलानाम जमीन को खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की। गांव के दौलतसिंह राणावत, छोटूसिंह के अनुसार दिये ज्ञापन में बताया कि मेड़ीखेड़ा में स्थित बेशकीमती बिलानाम भूमि आराजी सं. 75 पर गत दिनों से राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धरा 91 (3) एवं धारा 91 (6) के अधीन न्यायालय तहसीलदार गंगरार द्वारा नोटिस जारी किया गया। गांव के सरपंच, पटवारी की मिलीभगत से षड्यंत्रपूर्वक गलत व झूठे तथ्य प्रस्तुत कर व्यक्ति विशेष के नाम नोटिस जारी करवा दिया गया जबकि मौके पर किसी का कोई कब्जा नहीं है। इस जमीन पर बड़े बड़े यूकेल्प्टिस के पेड़ लगे हुए हैं। अपने चहेतों के नाम जमीन करवाने के उद्देश्य से चोरी-चोरी 91 की कार्यवाही करवाने की नियत से न्यायालय तहसीलदार गंगरार में गलत सूचना देकर नोटिस जारी करवा दिया गया है। जारी नोटिस में पेशी की तारीख व भूमि को खाली करने की तारीख में भी कांट छांट की गई वहीं नोटिस को जारी कर खानापूर्ति की गई। वार्ड पंच जगदीश सिंह राणावत, दशरथसिंह राणावत, लक्ष्मणसिंह, रमेशगुज्र, बबलु सिंह, गिरधारी गुर्जर, संग्राम सिंह, राजू सिंह गहलोत, राजू सिंह, अजय सिंह, विक्रम सिंह, लेहरूलाल गुर्जर, नारायण गुर्जर, सोनू सिंह, हरिसिंह, शंकरसिंह, किशन गुर्जर, जयपाल सिंह, तेजपालसिंह, अब्दुल सहित कई ग्रामवासियों ने आवश्यक कार्यवाही करा जाँच करवाने एवं दोषियों को विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।

# पांच दिवसीय अमृता हाट मेले का आगाज आज से

## शहर विधायक कोठारी ने ग्रामीण हाट बाजार से किया मेले का शुभारंभ





**भीलवाड़ा (पुकार)** । पांच दिवसीय अमृता हाट मेले का आगाज जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा गुरूवार को ग्रामीण हाट बाजार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक अशोक कोठारी ने ग्रामीण हाट बाजार से मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक अशोक कोठारी ने हाट मेले में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर महिला की सफलता, दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। जब हम एक दूसरे का उत्साह वर्धन करते हैं, तो और अधिक मजबूत होते हैं। हमारी मातृशक्ति को स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए व अपने आप पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने अमृता हॉट जैसे मेले, इस तरह के आयोजनों, मंच को महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक बताया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवटिया रही। उन्होंने कहा कि अमृता हाट जैसे मेले महिला सशक्तिकरण के उत्कृष्ट मंच हैं, हमें कई बार हार का सामना करना पड़ सकता है लेकिन कभी हार नहीं माननी चाहिए। यदि हम बड़े-बड़े कार्य न कर सके, तो छोटे-छोटे कार्य से बड़े लक्ष्य को पूर्ण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला बाल विकास विभाग की उपनिदेशक राजकुमारी खोरवाल ने की उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा स्वयं का प्रथम श्रेणी का संस्करण बने, न की द्वितीय श्रेणी का संस्करण।

सहायक निदेशक महिला अधिकारिता नगेंद्र कुमार तोलंबिया ने बताया कि इस अमृता हाट मेले में राजस्थान भर से 80 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन व विपणन मेले में किया। उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें किशोरी सेन द्वारा गणेश वंदना की गयी।

सुभाष नगर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा राजस्थानी नृत्य, पलक पाटिल के द्वारा मराठी नृत्य, अर्णव व काव्यांश के द्वारा मराठी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों में रौमांच पैदा कर दर्शकों को बांधे रखा। पांच दिवस तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन दोपहर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। आयोजन के दौरान विपणन को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक पुरस्कार योजना भी लागू की गई है, जिसमें 2 हजार रू. से अधिक की खरीद करने वाले उपभोक्ताओं को लकी ड्रा के द्वारा आवश्यक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**जिले में विटामिन-ए कार्यक्रम की शुरूआत आज से**

# जिले के लक्षित पांच वर्ष तक के 1 लाख 60 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन-ए की खुराक

**भीलवाड़ा (पुकार)।** जिले में विटामिन-ए की कमी के कारण बच्चों पर पडने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयासों व सहयोग से जिले में 29 नवम्बर से विटामिन-ए पिलाने का अभियान शुरू किया जायेगा, जो 29 दिसम्बर, 2024 तक लगातार चलेगा। इस दौरान भीलवाडा के नौ माह से पांच वर्ष तक के सभी लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है और अभियान को सफल बनाने के लिए सभी चिकित्सा अधिकारियों-कर्मचारियों को पाबंद कर जिला स्तर से निर्देश दिये गये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अभियान के दौरान विटामिन ए की दवा आंगनबाड़ी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप जिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल पर पिलाई जाएगी। यह खुराक छह माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए आखों की बीमारियों जैसे रतौंधी व अंधता से बचाव के साथ-साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। विटामिन-ए से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। विटामिन के जरिए पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्युदर में भी कमी आती है। इस दौरान एक से पांच साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को विटामिन-ए की दो एमएल खुराक पिलाएंगी एवं नौ माह के बच्चों को विटामिन-ए की एक एमएल खुराक पिलाई जाएगी। जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं हैं, वहां एएनएम पांच साल तक के लक्षित बच्चों को यह खुराक पिलाएगी।

**इसलिए आवश्यक है विटामिन-ए**

अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि विटामिन ए शरीर में अनेक अंगों को सामान्य रूप में बनाए रखने में मदद करता है जैसे कि त्वचा, बाल, नाखून, ग्रन्थि, दांत, मसूडा और हड्डी। सबसे महत्वपूर्ण स्थिति जो कि सिर्फ पोषक तत्वों के अभाव में होती है, वह है अंधेरे में कम दिखाई देना, जिसे रतौंधी भी कहते हैं। इसके साथ आंखों में आंसू के कमी से आंख सूख जाते हैं और उसमें घाव भी हो सकता है। बच्चों में पोषक तत्व विटामिन ए के अभाव में विकास की गति धीमी हो जाती है, जिससे उनके कद पर असर हो सकता है। त्वचा और बालों में भी सूखापन हो जाता है और उनमें से चमक चली जाती है। संक्रमित बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। इन सभी के बचाव के लिए अभियान के दौरान अपने बच्चों को अधिकाधिक बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए।

# सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया की बोर्ड बैठक संपन्न



**मंडफिया (पुकार)** । श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया की बोर्ड बैठक मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की अध्यक्षता में एवं मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम की उपस्थिति में गोकुल विश्रांति ग्रह में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं श्री सांवलिया जी मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम का जन्मदिन होने पर बोर्ड पदाधिकारी एवं मंदिर कर्मचारियों ने उन्हें उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर कपासन प्रधान एवं मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल जाट, भेरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, संजय कुमार मंडोवरा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी, मनोहर लाल चौबीसा, लेहरी लाल गाडरी, बिहारीलाल गुर्जर, महावीर सिंह, श्रवण शर्मा सहित मंदिर के विभिन्न विभागों के प्रभारी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## संघर्षरत कांग्रेस को प्राणवायु

केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया। अपने इसी गुण के चलते वह चुनाव अभियान के दौरान तमाम मतदाताओं, खासकर महिलाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने में कामयाब रहीं। लोगों को साथ जोड़ने की यही क्षमता उनकी निर्णायक जीत में खासी मददगार साबित भी हुई। उनके चुनाव अभियान ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। यही वजह है कि पार्टी के भीतर उनकी सफलता को लेकर खासा जोश भी है। पार्टी के भीतर भी कई लोगों को उम्मीद है कि उनकी इस रिकॉर्ड जीत से कांग्रेस पार्टी संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में पार्टी की अपील में आशातीत विस्तार की संभावनाओं को बल मिल सकेगा। फलतः पार्टी को मौजूदा संकट से उबरने में मदद मिलेगी।

यह निर्विवाद सत्य है कि राजनीतिक समय की दृष्टि से प्रियंका गांधी वाड्रा की सफलता के खास मायने हैं। उनकी संसद में दस्तक ऐसे समय में हुई जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी बेहद चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना कर रही है। पार्टी को हाल के दिनों में महत्वपूर्ण चुनावी झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में सत्ता की चाबी पार्टी के हाथ से फिसलकर भाजपा की झोली में जा गिरी है। राजनीतिक पंडित इन असफलताओं को पार्टी की घटती प्रासंगिकता के रूप में देखते रहे हैं। साथ ही कहा जाता है कि पार्टी भाजपा की संगठनात्मक ताकत को चुनौती दे पाने में विफल रही है। दूसरे शब्दों में, पार्टी भाजपा के राजनीतिक विमर्श का विकल्प नहीं दे पा रही है। साथ ही यह अहम सवाल भी उठाया जा रहा है कि सक्रिय राजनीति में प्रियंका का उदय क्या संघर्षरत कांग्रेस में नई जान फूंक सकने में कामयाब होगा? दरअसल, वायनाड में उनकी जीत को स्थानीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति के लिये उन्हें अभी और मेहनत करनी होगी। इस जीत को राष्ट्रीय गति में बदलने के लिये रणनीतिक सुधारों, गठबंधनों और भविष्य के लिये स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत होगी। अभी यह देखना बाकी है कि क्या भविष्य के लिये वे एक स्पष्ट दृष्टिकोण का लाभ पार्टी का जनाधार विकसित करने के लिये दे पाएंगी। या फिर वह कांग्रेस की वंशवादी राजनीति की निरंतरता के रूप में उभरती हैं। निस्संदेह, जैसे ही वह राष्ट्रीय सुर्खियों में कदम रखेंगी, उन्हें पार्टी में नई प्राणवायु का संचार करने के लिये कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें कालांतर यह भी साबित करना होगा कि कांग्रेस मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एक व्यवहार्य विकल्प पेश कर सकती है। बहरहाल, प्रियंका गांधी वाड्रा की वायनाड में हुई शानदार जीत से न केवल केरल बल्कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई आशा का संचार हुआ है।

# रेवड़ियों की मिठास के पीछे छिपी कड़वाहट समझें

किसको किसने कितनी रेवड़ियां बांटी, यह सवाल भले ही किसी लंबी-चौड़ी गणना की अपेक्षा करता हो, पर यह बात सब मान रहे हैं कि हाल के चुनावों में खूब रेवड़ियां बंटी। नहीं, चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाता को चुपचाप बांटे जाने वाले रुपयों की बात नहीं है, बल्कि उन रेवड़ियों की बात हो रही है जिन्हें बांटने वाले लंबी-चौड़ी घोषणाओं के साथ बांटते हैं। चुनाव-परिणाम का विश्लेषण करने वाले जिस एक बात पर सहमत दिखाई देते हैं, वह यह है कि इन रेवड़ियों ने परिणामों पर निर्णायक प्रभाव डाला है। ऐसी ही एक रेवड़ी को महाराष्ट्र में 'लाड़की बहीण' के नाम से जोड़ा गया है और झारखंड में इसे 'मंइयां सम्मान योजना' नाम दिया गया है।

भाजपा का दावा है कि सबसे पहले मध्य प्रदेश में 'लाड़ले मामा' ने अपनी 'लाड़ली बहनों' को प्रतिमाह नकद राशि देने की घोषणा की थी, और इसे चुनाव-परिणामों पर निर्णायक प्रभाव डालने वाला कदम बताया गया था। अब महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुती' ने ऐसा ही किया और यह दावा किया जा रहा है कि महाराष्ट्र की जीत में इसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हाथ रहा है। वैसे महाराष्ट्र की 'महाअगाड़ी' ने भी भाजपा के 1500 रुपये प्रति माह के योगदान को बढ़ाकर 3000 करने का वादा किया था, पर मतदाता ने बैंक खाते में जमा हो चुके रुपयों का भरोसा



करना बेहतर समझा। कहा तो यह भी जा रहा है कि महाराष्ट्र के चुनावों को दो माह इसलिए टाला गया था कि महिलाओं के बैंक खातों में 'रेवड़ियां' पहुंच जाएं तो बेहतर परिणाम आएगा।

बहरहाल, कारण और भी हो सकते हैं, पर इससे परिणाम पर 'रेवड़ियों' के असर का महत्व कम नहीं हो जाता। यह रेवड़ियां बांटना कोई नयी बात नहीं है। शायद इसकी शुरुआत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य की लड़कियों को साइकिलें बांटने से हुई थी। फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो बिजली, पानी, आदि मुफ्त बांटकर जैसे एक नयी परंपरा ही शुरू कर दी थी रेवड़ियां बांटने की! बिहार, उड़ीसा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब जैसे राज्यों में तो यह काम प्रतिस्पर्धा की तरह हुआ। ऐसा नहीं है कि इस 'मुफ्तखोरी' की आलोचना नहीं हुई। मतदाता को आर्थिक सहायता देने की इस प्रथा की आलोचना स्वयं प्रधानमंत्री मोदी कर चुके हैं। शायद इस तरह मतदाता को रिझाने की कोशिश को रेवड़ियां बांटने की संज्ञा भी उन्होंने ही दी थी। यह बात दूसरी है कि अब वे स्वयं मतदाता को इस तरह रिझाने के पक्षधर बन गये लगते हैं। यूं तो चुनाव घोषणापत्रों में जो वादे किये जाते हैं, उन्हें भी मतदाता को दी जाने वाली रिश्वत कहा जा सकता है, पर इस तरह नकद राशि बांटने को किसी और तरह से नहीं समझाया जा सकता। रेवड़ियां बांटने वाले इस रिश्वत को कल्याणकारी राज्य के अनुरूप आचरण बताते हैं। हम भले ही आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक व्यवस्था बनने का दावा करते हों, पर इस हकीकत से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि आज हमारे देश की अस्सी प्रतिशत आबादी को सरकार की ओर से मुफ्त अनाज देकर उसका पेट भरा जा रहा है। सरकार भले ही इसे कुछ भी कह ले, पर यह तथ्य यही बताता है कि गरीबी हटाओ के सारे दावों और वादों के बावजूद आज भी स्वतंत्र भारत का नागरिक अपने श्रम से अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने लायक नहीं बन पाया है। आज़ादी के शुरुआती सालों में तो यह बात फिर भी समझ आती थी कि नया देश नई चुनौतियों का मुकाबला कर रहा था, हालात सुधारने में वक्त लगना था। पर आज़ाद होने के सत्तर-अस्सी साल बाद भी यदि देश की जनता रेवड़ियों से रिझाई जा सकती है तो इसका सीधा-सा मतलब यही है कि हमारी नीतियों-रीतियों में कहीं कुछ गंभीर गड़बड़ है। हमारी त्रासदी यह भी है कि गड़बड़ी का पता लगाने और उसे ठीक करने की ईमानदार कोशिश करने के बजाय हम रेवड़ियां बांटकर काम चलाना चाहते हैं।

ऐसा नहीं है कि आज़ादी के इन सत्तर-अस्सी सालों में हमने कुछ किया नहीं है। बहुत कुछ अर्जित किया है हमने। चांद-सितारों को छू रहे हैं हमारे हाथ। पर जितना कुछ किया है, उससे कई गुना अधिक किया जाना बाकी है। अपनी उपलब्धियों पर गर्व कर सकते हैं हम, पर हमें यह नहीं भूलना है कि जितना रास्ता हमने पार किया है, उससे कई गुना लंबा रास्ता अभी पार करना बाकी है। विकसित भारत के सपने देख रहे हैं हम, पर हम यह याद रखना नहीं चाहते कि सबका साथ और सबका विकास की चुनौती तभी स्वीकार की जा सकती है जब हमारी कोशिशों में बुनियादी ईमानदारी हो। विकास की सही और सच्ची परिभाषा हमारे सामने हो। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कभी कहा था कि उनका दायित्व देश के हर नागरिक को एक समस्या मानकर उसका समाधान करना है। यह तब की बात है जब देश आज़ाद हुआ था। लगभग 40 करोड़ की आबादी थी तब देश की। आज हम 140 करोड़ हैं। आवश्यकता हर भारतीय के जीवन को विकसित जीवन शैली के अनुरूप बनाना है। और नागरिक की बुनियादी ज़रूरतें पूरी हों। हर नागरिक को विकास का समान अवसर मिले। वह जो सपने देखे उन्हें पूरा करने की उमंग भी हो उसमें। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि हमारे देश का हर नागरिक अपने भारतीय होने पर गर्व करे, उसका विवेक जाग्रत हो, वह गर्व से सिर ऊंचा करके चल सके।

मुफ्त अनाज देकर या लाड़ली बहनों के खातों में हर महीने पंद्रह सौ, दो हज़ार जमा कर के उसे सर ऊंचा करके चलने के लायक नहीं बनाया जा सकता। ऐसे प्रयास सिर्फ भरमाते भर हैं। सक्षम नहीं बनाते। आवश्यकता हर नागरिक को सक्षम बनाने की है। हमारे संविधान ने हमें समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता का अधिकार दिया है तो इसके साथ कुछ कर्तव्य भी जोड़े हैं, जिन्हें निभाना ही एक स्वतंत्र देश का योग्य नागरिक बनने की सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। यदि हमें बोलने की आज़ादी मिली है तो उचित बोलने की शर्त भी उसके साथ जुड़ी है; यदि हमें समानता का अधिकार मिला है तो उसके साथ यह कर्तव्य भी जुड़ा है कि हम देश के हर नागरिक को अपने समान समझें; यदि हमें न्याय पाने का अधिकार है तो न्याय का तकाज़ा है कि हम दूसरों के न्याय पाने के अधिकार की भी रक्षा करें। यह सब तभी संभव है जब हम स्वयं में यह क्षमता पैदा कर लेंगे कि रेवड़ियों से हमें भरमाने की कोशिश करने वालों के इरादों को समझ सकें।

जनतंत्र की सफलता और सार्थकता का प्रमाण यही है कि हर नागरिक अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति सावधान हो। सतत जागरूकता ही वह मंत्र है जो हमें जनतंत्र का योग्य नागरिक बनने लायक बन सकता है। रेवड़ियां बुरी नहीं होतीं, पर रेवड़ियां बांटने वाले के इरादों की सच्चाई परखनी ज़रूरी है। राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए बांटी जाने वाली रेवड़ियों की मिठास के पीछे छिपी कड़वाहट को समझना भी ज़रूरी है। **- विश्वनाथ सचदेव**



## कचरे के ढेर से राहगीर परेशान

**उदयपुर (पुकार)।** सेक्टर-11 सामुदायिक भवन वाली रोड़ पर कचरे के ढेर से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि सामुदायिक भवन सेक्टर-11 वाली रोड़ पर कचरा यहीं आकर डाल जाते है यहाँ तक कि सफाई कर्मचारी भी यहीं कचरा डाल जाते है। फिर आवारा मवेशी आकर कचरा पूरी रोड़ पर बिखर देते है और आपस में लड़ने लगते है जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अनेक बार आवारा मवेशी लड़ते हुए रोड़ के बीच में आ जाते है और आने जाने वाले वाहनों से भी टकराकर वाहन चालको और राहगीरों को घायल कर चुके है।

## चेतक चौराहा विस्तारीकरण : खंभे करेंगे शिफ्ट, पार्कों की जमीन भी लेंगे

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम ने चेतक चौराहे के विस्तारीकरण का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत निगम ने चेटक चौराहे पर पलटन मस्जिद के सामने फतहसागर की ओर जाने वाले रोड पर स्थित एक पेड़ को काट कर हटा दिया, जिससे हाथीपोल से फतहसागर की ओर पेट्रोल पंप के सामने वाला बायपास चौड़ा हो गया। शहर विधायक जैन ने गत दिनों निगम के अधिकारियों के साथ चेतक चौराहे का दौरा कर इसके सौंदर्यकरण और विस्तारीकरण के निर्देश दिए थे। उन्होंने अधिकारियों को गुरु गोविन्द स्कूल की ओर से पहाड़ी बस स्टेंड की ओर जाने वाले रोड पर चौराहे पर मौजूद पार्क में से 10 से 15 फीट जमीन लेकर गोलाई बढ़ाने के निर्देश दिए थे। विधायक जैन ने पलटन मस्जिद के सामने पड़ी करीब 100 फीट जमीन में से कुछ जमीन चौराहे के विस्तारीकरण में काम लेने के निर्देश दिए। गुरुवार से नगर निगम की टीम ने यहां पर काम शुरू किया।

निगम ने चेतक मस्जिद के सामने स्थित एक पेड़ को हटाने के लिए तहसीलदार से स्वीकृति ली। स्वीकृति मिलने पर गुरुवार सुबह निगम ने पेड़ को काटकर हटा दिया। इस पेड़ के रास्ते में आने के कारण चौराहे से फतहसागर की ओर जाने वाला बायपास रोड संकरा हो गया था। पेड़ हटाने के बाद यह रोड चौड़ा हो गया। साथ ही मस्जिद के सामने स्थित खंभों को भी हटाने का काम शुरू कर दिया। निगम के विद्युत विभाग ने खंभों के कनेक्शन हटाने शुरू किए और कनेक्शन हटने के बाद इन खंभों को शिफ्ट किया जाएगा, जिससे हाथीपोल की ओर से आने वाला रोड चौड़ा हो जाएगा। इसके बाद चौराहे पर स्थित पार्कों की जमीन को अधिग्रहित कर रास्तों को चौड़ा किया जाएगा। सारा काम होने के बाद इस चौराहे पर सौंदर्यकरण भी किया जाएगा।

# पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पड़ सकता है खटाई में, आज होगा अंतिम फैसला



## इस्लामाबाद में बवाल के बाद दूसरे देशों की टीमें पाकिस्तान में खेलने से कर सकती हैं किनारा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 का पाकिस्तान में आयोजन खटाई में पड़ सकता है। दरअसल, इसकी वजह हाल ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हुआ बवाल है। जिसकी वजह से कई टीमें सुरक्षा के कारण पाकिस्तान में खेलने से मुंह फेर सकती हैं। इस्लामाबाद में इमरान खान के समर्थकों ने हाल में बखेड़ा कर दिया था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करनी है,लेकिन अब राजनीतिक अशांति के कारण इस टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान से बाहर ट्रांसफर होने की संभावना है। श्रीलंका ए जिसे पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलना था, उसे भी इस्लामाबाद में राजनीतिक अशांति के कारण बीच में ही वापस लौटना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार चैम्पयिंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले कुछ और देशों ने सिक्योरिटी को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस कारण इस आयोजन का पाकिस्तान से बाहर ट्रांसफर होने का खतरा मंडरा रहा है। हाल में चैम्पयिंस ट्रॉफी को लेकर एक अपडेट सामने आया था, जिसमें कहा गया था कि

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल इस मामले में पाकिस्तान से कह रहा है कि इस टूर्नामेंट के लिए वह हाइब्रिड मॉडल के लिए सहमत हो जाए। इस्लामाबाद में लॉकडाउन है, क्योंकि जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी की घेराबंदी कर रखी है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीब 1,000 समर्थकों को गिरफ्तार किया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी का 'हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं : पीसीबी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 'हाइब्रिड मॉडल स्वीकार नहीं करेगा। पीसीबी ने साथ ही विश्व संचालन संस्था से शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक में विकल्प पर चर्चा नहीं करने के लिए कहा है। भारत के पाकिस्तान में टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम संबंधित उलझन सुलझान के लिए आईसीसी ने कार्यकारी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। एक सूत्र ने कहा, 'मैं पुष्टि कर सकता हूं कि पीसीबी ने कुछ घंटे पहले आईसीसी को बताया है कि टूर्नामेंट का 'हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं है। पीसीबी 'हाइब्रिड मॉडल का विरोध कर रहा है और उसने आईसीसी को सलाह दी है कि चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित करने के लिए कोई अन्य विकल्प ढूंढा जाए। पाकिस्तान बोर्ड का मानना है कि 'हाइब्रिड मॉडल में खेलने का मतलब भारत को तरजीह देना होगा। सूत्र ने कहा, 'मैं पुष्टि कर सकता हूं कि शुरू में भारतीय टीम अगर पाकिस्तान में नहीं खेल सकती थी तो पीसीबी ने इस हालत में 'हाइब्रिड मॉडल में खेलने की संभावना पर विचार किया था। लेकिन भविष्य में 2031 तक (भारत और बांग्लादेश में वनडे विश्व कप) भारत में होने वाले सभी आईसीसी टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल में ही खेले जायेंगे क्योंकि पाकिस्तान भारत में नहीं खेलेगा।

▶ भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

# विराट कोहली और बुमराह के मुरीद हुए ऑस्ट्रेलियाई पीएम

## पीएम अल्बनीज बोले, बुमराह का अंदाज बाकी गेंदबाजों से अलग

**कैनबरा, (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम को प्रधानमंत्री इलेवन की खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेला जाएगा। यह मैच पिंक बॉल से खेला जाएगा। पिंक बॉल टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने भारतीय टीम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम का स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय खिलाड़ियों से मिले। दो दिवसीय अभ्यास मैच कैनबरा में खेला जाएगा। इस अभ्यास मुकाबले के बाद भारतीय टीम को 6 दिसंबर से पिंक बॉल टेस्ट खेलनी है। उसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। इस मैच को भारतीय टीम अपनी तैयारी के तौर पर देख रही है। भारत ने पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया।

पर्थ में खेले गए इस मुकाबले में भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 161 रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने इस मैच में अपना 30वां शतक लगाया। यह जीत भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपने सभी साथियों को उनसे मिलवाया।



### बुमराह और विराट से की बातचीत

अल्बनीज ने भारतीय टीम के साथ बातचीत भी की। कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के साथियों से उनका परिचय कराया। इस अवसर पर अल्बनीज ने जसप्रीत बुमराह से कहा कि उनका अंदाज बाकी किसी भी गेंदबाज से काफी अलग है। उन्होंने विराट कोहली से कहा कि पर्थ में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहा। आपने उस वक्त पारी खेली जब हम पहले से ही बैकफुट पर थे और नुकसान झेल रहे थे। कोहली ने जवाब देते हुए कि हमेशा उसमें कुछ मसाला जोड़ना अच्छा लगता है। जैक एडवर्ड्स के नेतृत्व में प्रधानमंत्री एकादश ने भी अल्बानीज से भी मुलाकात की। क्रिकेट कूटनीति भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का एक हिस्सा है। अल्बानीज ने पिछले साल भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ अहमदाबाद में टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की थी।



## यामल ने जीता वर्ष का गोल्डन बॉय पुरस्कार

**रोम, (एजेंसी)।** बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता। अन्य पिछले विजेताओं में एरलिंग हालैंड , किलियन म्बाप्पे और लियोनेल मेस्सी शामिल हैं। यामन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं। यामल ने इस सत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है तथा ला लीगा में शीर्ष पर चल रही टीम बार्सिलोना के लिए 12 लीग मैचों में पांच गोल दागे हैं। बार्सिलोना की 18 वर्षीय आक्रामक मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।

# मार्को यानसेन के सत्ते से श्रीलंकाई हुए चित

## श्रीलंका की पहली पारी 42 रन पर सिमटी

### श्रीलंका ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया लोएस्ट टोटल



**डरबन, (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका की टीम ने श्रीलंका को पहली पारी में 42 रनों पर ऑलआउट कर दिया। श्रीलंका की टीम ने महज 83 गेंदों के भीतर ही साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों के सामने सरेंडर कर दिया। जबकि पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने सभी विकेट खोकर 191 रन बनाए थे। मार्को यानसेन ने साउथ अफ्रीका के लिए गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट चटकाए और अपनी टीम को 149 रनों का बढ़त दिलाया। श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में साउथ अफ्रीका की टीम 191 रन ही बना सकी थी। हालांकि मेजबान साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में वापसी करते हुए महज 13.5 ओवर में ही श्रीलंका को 42 रनों पर समेट दिया। यह ना सिर्फ श्रीलंका का लोएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड है, बल्कि सबसे कम ओवर में ऑलआउट होने का रिकॉर्ड भी है।

डरबन टेस्ट में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 191 रन बनाए। जिसमें तेम्बा बवूमा ने शानदार पारी खेलते हुए 70 रन बनाए। उनके पारी के बदौलत की साउथ अफ्रीका 191 रनों तक पहुंचने में कामयाब रही। बवूमा के अलावा केशव महाराज ने 24 और कगिसो रबाडा ने 15 रन बनाए। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नोंडो ने 3, विश्वा ने 2, लहिरू कुमारा ने 3 और प्रभात जयसूर्या ने 2 विकेट चटकाए।

### टेस्ट मैचों में श्रीलंका के सबसे कम स्कोर

- 42 बनाम दक्षिण अफ्रीका, डरबन, 2024
- 71 बनाम पाकिस्तान, कैंडी, 1994
- 73 बनाम पाकिस्तान, कैंडी, 2006
- 81 बनाम इंग्लैंड, कोलंबो, 2001
- 82 बनाम भारत, चंडीगढ़, 1990
- 82 बनाम इंग्लैंड, कार्डिफ़, 2011

## अंडर-19 एशिया कप आज से, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच होगा पहला मुकाबला

**यूएई, (एजेंसी)।** अंडर-19 एशिया कप का आगाज 29 नवंबर से यूएई में होने जा रही है। पहला मुकाबला बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाफ खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के सभी मैच दुबई और शारजहां में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग लेगी। जिसको दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, जापान और यूएई को रखा गया है। वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की टीमों को शामिल किया गया है। अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। टीवी पर आप स्टार स्पोर्ट्स के चैनल पर देख सकते हैं। वहीं इसके अलावा मोबाइल पर आप फैनकोड ऐप और वेबसाइट पर भी लाइव देख सकते हैं। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 29 नवंबर से होगी। जबकि इस टूर्नामेंट का फाइनल का 8 दिसंबर को दुबई में खेला जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### कन्या महाविद्यालय राजसमंद खो-खो में छठी बार उपविजेता बनी

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भावा पंचायत के डूमखेड़ा चौराया स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय ने खो-खो में छठी बार उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। प्राचार्य कुलदीप सिंह गहलोत ने



बताया कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आर्ट्स कॉलेज उदयपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता में स्थानीय महाविद्यालय ने छठी बार उपविजेता का खिताब जीता। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता में स्थानीय टीम प्रभारी सुनीता गोदारा एवं बाबूलाल कीर की मौजूदगी में पूरे प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रही। टीम में टीना मेवाड़ा, आशा अहीर, ललिता कुंवर, कविता कुंवर, दर्शना गाडरी, गुड़िया कुंवर, ममता जाट, उर्मिला तेली, कविता कुंवर, मनीषा राणावत, पूजा सेन, भारती माली के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर महाविद्यालय में खुशी की लहर छा गई। इस अवसर पर डॉ मुकेश कुमार मेनारिया एवं चेनराम जोशी ने महिला खो-खो टीम के लिए हर्ष व्यक्त किया।

### जरूरतमंद महिलाओं को बांटे ऊनी कम्बल

**राजसमंद (पुकार)।** आनंद मार्ग सेवादल के मानवीय सेवा कार्य के तहत गुरुवार को ओड़ा ग्राम पंचायत स्थित भील बस्ती में जरूरतमंद महिलाओं



को सर्दी से बचाव के लिए ऊनी कम्बल वितरित किए गए। आनंदमार्ग सेवादल सदस्य अनुपम खिलनानी, आनन्दमयी, जया व कार्यकर्ता मुकेश साहू आदि बस्ती पहुंचे तथा भामाशाहों के अर्थ सहयोग से जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को कम्बल वितरण किए। कम्बल मिलने से महिलाएं काफी प्रसन्न हो गई तथा दानदाता के प्रति धन्यवाद जताया। इस दौरान बस्तीवासियों को सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ रहने की प्रेरणा भी दी।

### अधिशेष शिक्षक समायोजन को व्यावहारिक बनाने की मांग

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा ने शिक्षा विभाग द्वारा अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को व्यवहारिक बनाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भेजा है। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण बताया कि जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य, जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री शंकर माली और कल्पना खंडेलवाल, जिला महिला मंत्री वीणा वैष्णव तथा जिला कोषाध्यक्ष उदयलाल पालीवाल ने ज्ञापन में बताया कि शिक्षकों की वेतन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए समायोजन प्रक्रिया अपनाई जा रही है, लेकिन उच्चाधिकारियों के मनमाने और अव्यावहारिक दिशा-निर्देशों के कारण यह प्रक्रिया संपन्न नहीं हो पा रही है। राज्य सरकार महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम नियमित शिक्षकों के स्थान पर संविदा शिक्षकों को नियमित मानकर अधिशेष के नाम पर इधर-उधर कर रही है जो अनुचित है और आचार संहिता से पूर्व खोले गए महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों में न्यून नामांकन होते हुए भी हिंदी माध्यम के शिक्षकों को अधिशेष किया जा रहा है। संगठन की मांग है कि इन विद्यालयों के शिक्षकों को अधिशेष नहीं माना जाए और आचार संहिता से पूर्व खोले गए इन विद्यालयों की पुनः समीक्षा की जाए। साथ ही अधिशेष समायोजन से पूर्व जारी दिशा-निर्देशों में संगठन से शिक्षा, शिक्षार्थी हित में संगठन के सुझावों को शामिल करें। साथ ही नव क्रमोन्नत सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वर्षों से कार्यरत प्रबोधकों को अधिशेष न मानते हुए उन स्कूलों में प्रबोधकों के पद सृजित कर उनको वहीं समायोजित किया जाए। संगठन ने अधिशेष पदस्थापन में काउंसलिंग प्रक्रिया अपनाने की मांग करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता रहेगी और भ्रष्टाचार भाई भतीजा वाद के आरोपों से बचा जा सकेगा इसलिए 14 नवंबर को जारी निर्देशों को वापस लेते हुए नवीन दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए और निकट भविष्य में पदोन्नत होने वाले शिक्षकों को अधिशेष न मानते हुए उन्हें इस प्रक्रिया से मुक्त रखने की भी मांग की है।

### गौशाला में भामाशाह ने 51 सौ रुपये किए भेंट

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भाटोली पंचायत के



मेगराडिया मंगरा स्थित गरुड़ शिखर आश्रम अवधूत शरण महाराज की ओर से मोही स्थित समस्त ग्रामवासियों की ओर से संचालित गोवर्धन गौशाला में 51 सौ रुपये नकद एवं एक तेल का टीन भेंट किया गया। संचालन समिति के सदस्य दिग्विजय सिंह भाटी, सुरेश पूर्बिया एवं रामेश्वरलाल टेलर ने भामाशाह का सम्मान किया।

### भाजपा जिला संगठन पर्व की बैठक आज

**राजसमंद (पुकार)।** प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार राजसमन्द जिला संगठन पर्व की जिला बैठक शुक्रवार को दोपहर 1 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित होगी। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि बैठक में जिला चुनाव अधिकारी महेंद्र बोहरा, जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ मौजूद रहेंगे।

### पसुन्द के हरिओम उपवन में सघन वृक्षारोपण एवं अणुव्रत वाटिका की योजना पर की चर्चा

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत पसुन्द के हरिओम उपवन में गुरुवार को सघन वृक्षारोपण एवं अणुव्रत वाटिका की योजना पर चर्चा की गई। अणुव्रत के पर्यावरण बचाने के अभियान में




सुप्रसिद्ध गायक विराग मधुमालती ने नवीं मुम्बई से नाकोडा तक की पदयात्रा के दौरान सघन वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण चेतना के लिए जन जागरण का सन्देश दिया। अणुव्रत समिति मंत्री रमेश माण्डोत ने बताया कि हरिओम उपवन पसुन्द में सरपंच अयन जोशी एवं नवीं मुम्बई से नाकोडा पैदल यात्रा कर रहे विराग मधुमालती का पसुन्द में स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीनारायण आमेटा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष अचल धर्मावत, उपाध्यक्ष विनय कोठारी, सहमंत्री राष्ट्रीय कवयित्री नीतु बापना, अणुव्रत सेवी मदन धोका, महावीर चपलोत आदि ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया। सुप्रसिद्ध गायक विराग मधुमालती ने पर्यावरण गीत प्रस्तुत किया एवं शपथ दिलाई। नीतू बापना ने पर्यावरण चेतना पर काव्य प्रस्तुत किया। आभार सहमंत्री नीतू बापना एवं उपाध्यक्ष विनय कोठारी ने ज्ञापित किया। यह जानकारी अणुव्रत समिति अध्यक्ष अचल धर्मावत ने दी।

# बाल विवाह मुक्त भारत की ओर नई पहल की प्रेस वार्ता सम्पन्न

**राजसमंद (पुकार)।** जतन संस्थान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में गुरूवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जतन संस्थान के द्वारा राजस्थान के 20 से अधिक जिलों में पिछले 23 वर्षों से विकास के क्षेत्र में विभिन्न आयामों के साथ भारत सरकार व राजस्थान सरकार के साथ मिलकर बाल सुरक्षा एवं संरक्षण के मुद्दों पर कार्य कर रहा है। जतन संस्थान द्वारा जिले के 4 ब्लॉक 50 गांवों में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन्स परियोजना संचालित की जा रही है, जिसमें संस्थान द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम और बाल यौन शोषण पर कार्य किया जा रहा है। 50 गाँव में किशोर-किशोरी समूह, हितधारक बैठक, ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति में सक्रियता लाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी पूजा सुथार ने बताया की बाल विवाह न सिर्फ एक बुराई है, बल्कि यह बच्चों के लिए एक अभिश्राप है जो उनके जीवन को हमेशा के लिए प्रभावित कर देता है। साथ ही जिले में संचालित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत गत वर्ष कुल 27 बाल विवाह पाबंद करवाए गए थे और 1 मुकदमा भी दर्ज करवाई गई थी। 47 बाल श्रमिक बच्चों को बाल श्रम मुक्त करवाया गया और उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रशासन के सहयोग से सरकारी योजनाओं और पुनः शिक्षा से जोड़ा गया। 57 बाल यौन के शोषण के मामलो में पीड़ित परिवार को पीड़ित




प्रतिकर योजना से जोड़ा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से इस वर्ष 22 बाल विवाह पाबंद करवाए गए और 31 बाल श्रमिक बच्चों को बाल श्रम मुक्त करवाया गया और उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**बच्चों के हितों की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी**

जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के हितों की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। कारखानों, भट्टो में बच्चो को जोखिम भरे काम करवाने, बच्चो के साथ हो रहे किसी भी तरह की हिंसा की सूचना आपको चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन व जतन संस्थान में देवें। उन्होंने यह भी बताया की यदि डीएलएसए में कार्रवाई नहीं की जाती है तो राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रालसा में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि रालसा भी कार्रवाई नहीं करता है, तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया की बाल विवाह कैसे गरीबी को बढ़ावा देता है और एक दुष्चक्र बनाता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अत्याचार रजत बिश्नोई ने बताया कि हम बाल विवाह के खिलाफ एकजुट हों और इसके खिलाफ लड़ने के लिए हर संभव प्रयास करें। हमें बच्चों के अधिकारों की रक्षा करनी होगी और उन्हें अपने जीवन को स्वतंत्र रूप से जीने का मौका देना होगा मीडिया और समाज से अपील की कि वे बाल विवाह को खत्म करने में मदद करें और ऐसी किसी भी घटना की जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों द्वारा दी गई सूचनाओं पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल ऋतू शर्मा, हेमंत पालीवाल, गोरव पुरोहित, सचिन व्यास, नरेश जीनगर, जयप्रकाश शर्मा, शिव शंकर रेगर, सुनीता गुर्जर, हरदीप सिंह, प्रिन्स गोदारा, शैफाली गुर्जर, दक्षराज सिंह भाटी उपस्थित थे।

## कांग्रेस का शाही परिवार नकारात्मक प्रचार अभियान चलाता है: विधायक दीप्ति

**राजसमंद (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे अब विकसित भारत विरोधी अंतर्राष्ट्रीय गैंग के स्थानीय साझेदार बन गए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी देश में चुनाव नजदीक होते हैं या संसद का सत्र प्रारंभ होने वाला होता है। विदेशों में भारत के खिलाफ मिथ्या आरोप लगाए जाते हैं और कांग्रेस का शाही परिवार इन आरोपों को आधार बनाकर भारत में नकारात्मक प्रचार अभियान चलाता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यह एक परिपाटी बन चुकी है। हाल ही में हिडेनबर्ग प्रतिवेदन के कारण देश के सामान्य निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा, जबकि हिडेनबर्ग ने इससे बड़ा लाभ अर्जित किया। विधायक माहेश्वरी ने कांग्रेस के शहजादे पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले में सक्रिय सहयोग देकर विदेशी शक्तियों को भारत के विकास में बाधा डालने का अवसर दिया। विधायक ने कहा कि विदेशी शक्तियां भारतीय कंपनियों के विस्तार और प्रगति को रोकने के लिए झूठे आरोपों से वातावरण बिगाड़ने का प्रयास करती हैं। कांग्रेस पार्टी अपनी विकास विरोधी सोच के कारण इन विदेशी शक्तियों के अभियान को भारत में समर्थन देती है। माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस की बिना साक्ष्यों के झूठे आरोपों पर आधारित राजनीति का मुख्य उद्देश्य देश में निवेश के वातावरण को खराब करना और विकास को बाधित करना है। यह उनके सोचे-समझे षड्यंत्र का हिस्सा है जिसका नुकसान देश को भुगतना पड़ता है। माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का यह कहना कि ईवीएम मशीनों के कारण इन वर्गों के वोट खराब हो जाते हैं इनकी योग्यता और क्षमता पर सीधा प्रश्न उठाना है।


दीप्ति माहेश्वरी, विधायक

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह बयान कांग्रेस पार्टी की उस मानसिकता को दर्शाता है जो इन वर्गों के प्रति भेदभाव और तिरस्कार से भरी हुई है। कांग्रेस पार्टी यह सोचती है कि इन वर्गों के मतदाताओं को ईवीएम मशीनों से वोट करने की समझ नहीं है। यह विचार न केवल अपमानजनक है बल्कि इन वर्गों की बुद्धिमत्ता और उनकी लोकतांत्रिक भागीदारी को भी कमतर आंकने का प्रयास है। खड़गे को यह समझना चाहिए कि इन वर्गों की सोच और समझ इतनी परिपक्व है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को लगातार तीसरी बार नकार दिया। इन वर्गों के लोगों ने कांग्रेस की विभाजनकारी और विकास विरोधी राजनीति को समझते हुए उसे हर चुनाव में अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस से इन वर्गों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की और कहा कि इस तरह के बयान देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को कमजोर करने का प्रयास है।

## वृक्षारोपण एवं भक्ति संध्या का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** अणुव्रत समिति अध्यक्ष अचल धर्मावत ने बताया कि नवीं मुम्बई से नाकोडा जी की पैदल यात्रा एवं पर्यावरण बचाने की मुहिम में 1200 किमी. की पदयात्रा करते हुए गुरूवार को विराग मधुमालती वानखेड़े राजसमन्द पधारे। अणुव्रत समिति राजसमन्द एवं राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीनारायण आमेटा एवं भिक्षु बोधि स्थल के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाईन राजसमन्द -भिक्षु निलियम 100 फीट रोड़ एवं विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में सघन वृक्षारोपण का आयोजन किया गया एवं पर्यावरण रैली का आयोजन किया गया। बच्चों ने आजीवन प्लास्टिक बोटल का आजीवन प्रयोग नहीं करने के संकल्प लिए। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक -पर्यावरण प्रेमी- विराग मधुमालती वानखेडे ने 1200 किमी. पैदल यात्रा करते हुए 24 घण्टे में 111 किमी पैदल चल कर इतिहास



रच दिया। उन्होने पर्यावरण गीत संगान धरती पर स्वर्ग लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अचल धर्मावत ने मुक्तक ने संदेश दिया। इस दौरान हर्षलाल नवलखा, जीवन मादरेचा, भुपेश धोका, विकास मादरेचा, डॉ लक्ष्मीनारायण आमेटा, ख्यालीलाल मेहता, ख्यालीलाल चपलोत, लाला गायरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांय 7:30 बजे भिक्षु बोधि स्थल में भक्ति संध्या आयोजित हुई, जिसमें गायक की प्रस्तुति से श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। इस अवसर पर मुम्बई से समागत नवीं मुम्बई के कल्याण मित्र अर्जुन सिंघवी का समिति ने स्वागत किया। आभार प्रहलाद वैष्णव एवं प्रिंसिपल रेखा खत्री ने ज्ञापित किया। संयोजन मंत्री रमेश माण्डोत ने किया।

## जिस घर में आदर और तमीज के खंभे और संस्कारों की छत हो वहां समृद्धि निवास करती है : मुनि अतुल

**राजसमंद (पुकार)।** मुनि रविंद्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार के सानिध्य में महेंद्र कोठारी अपेक्स के नवनिर्मित समृद्धि पैलेस के गृहप्रवेश पर आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन हुआ। मुनि अतुल कुमार ने कहा कि हर इंसान का सपना होता है कि उसका एक अपना घर हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुख-शांति से रहे। घर सिर्फ ईंट और पत्थरों से नहीं बनता बल्कि प्यार, ममता, अपनापन, लगाव जिसकी चारदीवारें होनी चाहिए। उसमें आदर और तमीज जैसे खंभे होने चाहिए। संस्कार रूपी जिसकी छत हो, वही घर है। ऐसे ही घर में समृद्धि निवास करती है, बरकत होती है। जिस घर में प्रेम होता है, उस घर में सफलता और समृद्धि स्वयं चलकर आते हैं। मुनि ने कहा कि मकान बनाने और घर बनाने में अंतर होता है। मकान तो ईंट, पत्थर,



मिट्टी, सीमेंट से मिस्त्री द्वारा बनाया जाता है। लेकिन महिलाओं में एक मकान को सहेज कर और सजा कर घर बनाने की कला होती है। घर वही है जहां एक खुशहाल परिवार है। घर को घर बनाने में स्त्रियों की अहम भूमिका होती है। जिस घर में स्त्रियां नहीं होती वह घर-घर नहीं बल्कि केवल ईंटों का एक मकान ही कहलाता है। स्त्री ही घर को धर्म संस्कार और मर्यादा के अनुसार बना सकती है। मुनि रविंद्र कुमार ने मंगल पाठ सुनाया। आभार महेंद्र कोठारी अपेक्स ने ज्ञापित किया। इस दौरान तनसुख बोहरा, रोशनलाल बाफना, रत्ना कोठारी आदि मौजूद थे।

## हिंसा व बाल विवाह विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन



**राजसमंद (पुकार)।** जन विकास संस्थान द्वारा गर्ल्स नॉट ब्राइड के सहयोग से 16 दिवसीय हिंसा प्रतिरोध पखवाड़े के तहत श्री हीरालाल देवपुरा राजकीय महाविद्यालय आमेट में किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा व बाल विवाह विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बार एसोसिएशन राजसमन्द अध्यक्ष सुशिल पाराशर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल विवाह को रोकने के लिए अधिकारी नियुक्त किए हुए है, जिनके द्वारा बाल विवाह की रोकथाम की जाती है और यदि घर वाले चुपके से शादी करवा देते है तो हम बाल विवाह को शून्य करवा सकते है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर कानूनी जानकारी देते हुए सजा के प्रावधानों व बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। पोक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक्ट बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है यह कानून 18 साल से कम उम्र के सभी बच्चों पर लागू होता है।

## न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का मासिक निरीक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत गुरूवार को वृद्धाश्रम मोही का मासिक निरीक्षण किया गया। अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत नालसा योजना 2016 (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक व विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी। साथ ही निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय कुल 08 वृद्धजन उपस्थित मिले। वृद्धजनों को मीनू अनुसार समय पर भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, वृद्धजनों ने भोजन तथा अन्य सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। बिछोने के चद्दर व तकिये



नियमित अंतराल में धुलवाने तथा बिस्तरों को धूप में रखने के निर्देश दिए। गृह में वृद्धजन पुरूषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरों की व्यवस्था है तथा वृद्धजनों के मनोरंजन के लिए गृह में टीवी लगी हुई है। एएनएम कुसुम रेगर ने वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना बताया। सभी वृद्धजन वृद्धावस्था जनित बीमारी के अलावा स्वस्थ हैं।

**बाल संप्रेक्षण गृह का किया मासिक निरीक्षण**

जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के आदेशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने राजकीय किशोर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अग्रवाल ने गृह की आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ व्यवस्था, प्रकरणों की स्थिति आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय कुल 20 बालक आवासरत पाये गए। किशोरों से वार्ता की गई सभी ने अपने मामलों में अधिवक्ता द्वारा पैरवी किया जाना बताया। गृह की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। भोजन व्यवस्था के प्रति बालकों ने संतोष व्यक्त किया। मीनू अनुसार बालकों को भोजन दिया जाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए। बालकों का 25 नवम्बर को डॉ लालचन्द बैरवा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करना बताया। सभी बालक स्वस्थ हैं।

# जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प

**राजसमंद (पुकार)।** बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक दीपेन्द्रसिंह शेखावत के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चाइल्ड हेल्प लाइन व बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एमडी एवं नौगामा मनरेगा में बाल विवाह एवं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। रुकसाना अगवान ने सामाजिक कुरीति बाल विवाह पर विस्तार से चर्चा करते हुए बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए बताया कि छोटी उम्र में शादी होना लड़का-लड़की दोनों पर शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव पड़ता है। बच्चों के लिए बने बाल विवाह प्रतिषेध



अधिनियम 2006 के तहत उन सभी को बराबर सजा के हकदार है जो बाल विवाह में शामिल होता है एवं बाल विवाह का समर्थन करते है। बाल विवाह की रोकथाम अगर आपके आस-पास बाल विवाह होता पाएं तो आप उसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के नंबर 1098 एवं पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 पर आप जानकारी देवें। आपकी जानकारी पूर्णतया गोपनीय रखी जाएगी। चाइल्ड हेल्प लाइन से लविशा साहू चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि अगर आप किसी भी बच्चें को मुसीबत में देखते है तो आप 1098 पर डायल कर मदद ले सकते है, आपकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

## तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** साध्वी मंजूयशा ठाणा-4 के सानिध्य में गुरुवार को तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम राजसमंद का शपथ ग्रहण समारोह निजी होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। इसके बाद टीपीए गीत का मधुर संगान प्रीति बडोला ने किया। टीपीएफ जिला शाखा पूर्व अध्यक्ष आरके जैन ने अतिथियों का स्वागत किया और नई वर्किंग कमेटी मेंबर्स का नामोल्लेख नव निर्वाचित अध्यक्ष दिव्यांश चव्हाण ने किया। राष्ट्रीय पदाधिकारी ने नए अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष को पिन लगाकर नई जिम्मेदारी प्रदान की। मुख्य अतिथि टीपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत जैन एवं राष्ट्रीय मंत्री मनीष कोठारी थे। विचारों की अभिव्यक्ति के क्रम में युवा गौरव पदमचंद पटवारी एवं पूर्व न्यायाधीश एवं टीपीएफ एडवाइजरी बोर्ड मेंबर बसंतीलाल बाबेल ने अपने

पिन लगाकर नई जिम्मेदारी प्रदान की



विचारों की अभिव्यक्ति दी। साध्वी मानस प्रभा ने सुमधुर गीतिका के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी मंजू यशा ने सफलता के पांच मंत्र बताएं जिन्हें अपनाने से हमारे जीवन में सफलता निश्चित है। वह पांच मंत्र हैं- समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, योजनात्मक कार्यक्रम, निर्णय लेने की क्षमता और प्रभावी वक्तव्य। इस दौरान टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन चौरडिया एवं विजय नाहटा, राष्ट्रीय मंत्री राकेश सूतरिया एवं अखिल मारू, नेशनल आर्बिट्रेटर सुरेश कछारा एवं राज सिंघवी, सेंट्रल जोन प्रेसिडेंट लक्ष्मीलाल गांधी एवं नॉर्थ जोन प्रेसिडेंट राजेश जैन, नेशनल फेमिना को कन्वीनर रेखा सोनी एवं फेलो मेंबर डॉ सुमन बडोला, मेवाड़ कॉन्फ्रेंस कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र चोरडिया, कांकरोली सभा अध्यक्ष लाभचंद बोहरा, राजनगर सभा अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा सहित तेयुप महिला मंडल के पदाधिकारी मौजूद थे। संचालन डोली बडोला ने किया।





# श्रीलीला ने पुष्पा 2 के आइटम सॉन्ग के लिए कम फीस मिलने पर दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री श्रीलीला ने पुष्पा 2 में अपने आइटम गीत के लिए सामंथा रूथ प्रभु से कम भुगतान मिलने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म में, श्रीलीला पुष्पा भाग एक से सामंथा रूथ प्रभु की जगह विशेष गीत, किसिक में दिखाई देंगी। पहली किस्त में, सामंथा का ऊ अंतावा एक धमाकेदार हिट था और कई हफ्तों तक चार्टबस्टर बना रहा। हालाँकि, पुष्पा 2 के किसिक को शुरुआती प्रतिक्रिया मिली-जुली है, कई लोगों ने ऊ अंतावा को नवीनतम आइटम गीत से बेहतर बताया है। हाल ही में श्रीलीला को अपनी फिल्म रॉबिनहुड का प्रचार करते हुए देखा गया, और वहाँ उन्होंने आइटम गीत के लिए हाँ कहने के अपने विकल्प के बारे में बताया। उन्होंने कहा, गीत ही मेरी पसंद को सही ठहराएगा। यह आपका सामान्य आइटम गीत नहीं है। इसके पीछे एक मजबूत कथात्मक कारण है, जो फिल्म रिलीज़ होने पर स्पष्ट हो जाएगा। श्रीलीला ने गीत के लिए सामंथा से कम शुल्क मिलने की अफवाहों को भी संबोधित किया।श्रीलीला ने समझदारी से जवाब दिया, हमने अभी तक निर्माताओं के साथ पारिश्रमिक पर चर्चा नहीं की है। ऐसी खबरें आई हैं कि श्रीलीला को गाने के लिए 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जबकि सामंथा को कथित तौर पर पुष्पा-द राइज गीत ऊ अंतावा के लिए 5 करोड़ रुपये मिले थे। हालांकि, श्रीलीला ने अफवाहों को पूरी तरह से बंद कर दिया। रश्मिका मंदाना ने पुष्पा 3 का संकेत दिया? रश्मिका ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट साझा किया, जिसमें पुष्पा 2 के पूरा होने, उनके पांच साल लंबे सफर का जश्न मनाया और पुष्पा 3 का संकेत दिया। उन्होंने लिखा कि उनका पूरा दिन शूटिंग में चला गया। मुझे पता था कि यह मेरा आखिरी दिन था लेकिन किसी तरह यह आखिरी दिन की तरह महसूस नहीं हुआ, आप जानते हैं। जैसे हम्म मुझे नहीं पता कि कैसे कहूँ। 7/8 वर्षों में बेशक, अभी भी बहुत काम बाकी है और जाहिर तौर पर इसका तीसरा भाग भी आएगा, लेकिन यह अलग लगा यह भारी लगा ऐसा लगा जैसे यह खत्म हो रहा है, उन्होंने कहा। पुष्पा 2 सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को रिलीज होगी।





# तलाक की खबरों के बीच ऐश्वर्या राय ने इवेंट में हटाया बच्चन सरनेम


**इंस्टाग्राम पर अब भी लगा है बच्चन सरनेम**

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय और अभिषेक बचन के बीच इन दिनों चीजें ठीक नहीं चल रही हैं. दावा किया जा रहा है कि ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच बात तलाक तक पहुंच गई है. दोनों एक दूसरे से अलग होने की तैयारी में लगे हैं. इन तमाम रिपोर्ट्स ने फैंस का दिल तोड़ दिया है, लेकिन कपल ने कभी भी अपनी तलाक की अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन इन सबके बीच ऐश्वर्या राय ने कुछ ऐसा कर दिया है, जिस वजह से तलाक की अफवाहें अब तेज हो गई हैं.दरअसल ऐश्वर्या राय दुबई के एक इवेंट में शामिल हुईं. इस मौके पर एक्ट्रेस ब्लू और सिल्वर गाउन में कमाल की लगीं. ऐश्वर्या ने इस इवेंट में एक शानदार स्पीच दी, लेकिन लोगों का ध्यान स्टेज पर लगी स्क्रीन पर लिखे ऐश्वर्या राय के नाम पर चला गया. इस नाम को देखकर हर कोई हैरान रह गया. ऐश्वर्या राय शादी के बाद से ही लगातार अपने नाम के आगे बचन सरनेम लगा रही हैं. तमाम इवेंट्स में ऐश्वर्या के नाम के आगे बचन सरनेम जरूर लगा होता है, लेकिन इस इवेंट में ऐसा नहीं हुआ. इस इवेंट में ऐश्वर्या के नाम के आगे से बचन सरनेम हटाया हुआ था, जिसे देख फैंस हैरान हैं. ऐश्वर्या को बचन सरनेम के बिना फैंस पहली बार देख रहे हैं. ऐसे में अब फैंस के बीच कपल की तलाक की खबरें तेज हो गई हैं. हालांकि, कुछ फैंस इसे एक गलती के रूप में भी देख रहे हैं, जो इवेंट ऑर्गेनाइजर की तरफ से हो सकती है. अब ऐश्वर्या राय का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर अपनी राय दे रहे हैं.बता दें कि ऐश्वर्या राय इंस्टाग्राम पर सिर्फ एक इंसान को फॉलो करती हैं, जिसमें अभिषेक बचन हैं और वहां पर वह अपना बचन सरनेम भी इस्तेमाल करती हैं. इसी वजह से माना जा रहा है कि ऐश्वर्या ने खुद से अभी तक अपने नाम के आगे से बचन सरनेम नहीं हटाया है. ये सिर्फ इवेंट में हो चुका इत्तेफाक है.

# अगले साल शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन में धमाल मचाने के बाद अब फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 में नजर आएंगे. कुछ समय पहले फरहान ने फिल्म का अनाउंसमेंट किया था और साथ ही बताया था कि इस मूवी की शूटिंग साल 2025 में शुरू हो जाएगी. इस फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ था. बीते दिनों खबरें सामने आईं कि डॉन 3 की शूटिंग को स्टारकास्ट के कमिटमेंट के कारण पोस्टपोन कर दिया गया है. लेकिन अब हाल ही में प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है. डॉन 3 के प्रोड्यूसर एक्सेल एंटरटेनमेंट के प्रवक्ता ने हाल ही में फिल्म के पोस्टपोन को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने कहा, मेकर्स और रणवीर सिंह फिलहाल सेम पेज पर हैं, कोई भी नहीं चाहता कि डॉन 3 को पोस्टपोन किया जाए. इन खबरों में कोई भी सचाई नहीं है. इसके अलावा प्रवक्ता ने ये भी बताया कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है और अब दर्शक इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. बता दें कि डॉन फ्रेंचाइजी की पहली फिल्मों में एक्टर शाहरुख खान लीड रोल के तौर पर नजर आए थे. हालांकि डॉन 3 के दौरान क्रिएटिव डिफ्रेंस के कारण शाहरुख खान संग फरहान की जम नहीं पाई. शाहरुख के डॉन 3 रिजेक्ट के बाद यह फिल्म रणवीर सिंह को ऑफर हुई. इस मूवी में लीड रोल में एक्ट्रेस कियारा आडवाणी नजर आएंगी. बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन फरहान अख्तर करेंगे और इसकी शूटिंग अगले साल जनवरी से जून के बीच शुरू हो जाएगी. बताते चलें की ओरिजनल फिल्म डॉन में जहां एक्टर अमिताभ बचन मुख्य रोल में नजर आए थे तो वहीं फिल्म के अगले दो पार्ट में शाहरुख खान को डॉन के किरदार में देखा गया था. यह तीनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं।





# मैंने पिछले रिश्तों में बहुत समझौता किया : अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने किया खुलासा उन्होंने पिछले रिश्तों में बहुत समझौता किया

अभिनेत्री अनन्या पांडे अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब राज शमनी के पॉडकास्ट पर अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि वह पहले भी रिलेशनशिप में रह चुकी हैं, जहां उन्होंने खुद को काफी बदला है, लेकिन इतना नहीं कि यह खराब हो जाए। अपने पिछले रिलेशनशिप पर अनन्या अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आप किसी रिलेशनशिप में तुरंत कोई कमी देखते हैं। जब आप किसी रिलेशनशिप से बाहर होते हैं, तो आपको लगता है कि इसे और बेहतर तरीके से किया जा सकता था। अगर मैं किसी रिलेशनशिप में हूं, तो मैं इसे समझने और सुलझाने के लिए हर संभव कोशिश करूंगी। मैं लोगों में अच्छाई देखती हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देती हूं और रिलेशनशिप में अपना सबकुछ देती हूं, लेकिन मैं अपने पार्टनर से भी यही उम्मीद करती हूं। मेरे लिए, आधे-अधूरे मन से काम नहीं चलता। अगर आप किसी रिलेशनशिप में हैं, तो आपको वफ़ादारी और सम्मान दिखाना होगा। अनन्या ने बताया कि पहले भी ऐसे कई मौके आए हैं, जब उन्होंने पाया कि उन्होंने अपने पार्टनर की खातिर खुद को बदला है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी रिलेशनशिप में समझौता किया है, तो उन्होंने जवाब दिया, हम सभी में थोड़ा-बहुत समझौता होता है। मैं ऐसे रिलेशनशिप में रही हूँ जहाँ मैंने खुद को बहुत बदला है, लेकिन इस हद तक नहीं कि यह खराब हो जाए आप रिलेशनशिप की शुरुआत में दूसरों को प्रभावित करने के लिए कुछ करते हैं और आपको एहसास नहीं होता कि आप अपने पार्टनर के लिए कितना बदल रहे हैं। रोमांस के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, अनन्या ने कहा कि उनके लिए रोमांस का मतलब है कोई ऐसा व्यक्ति जो मेरी बात सुने। उन्हें लगता है कि समर्थन भी बहुत महत्वपूर्ण है। एक युवा, सफल अभिनेता के रूप में, अनन्या ने कहा कि यह पुरुषों के लिए डरावना हो सकता है क्योंकि वे इसे समझ नहीं पाते हैं। अनन्या और वॉकर को पहली बार इस साल जुलाई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में एक साथ देखा गया था। बॉम्बे टाइम्स ने बताया कि अनन्या ने शादी में वॉकर को अपने पार्टनर के रूप में पेश किया। वह शादी में अनन्या के साथ डेट पर गए थे। अनन्या ने शादी में सभी को वॉकर से अपने पार्टनर के रूप में मिलवाया। वह इसे छिपा भी नहीं रही थी। कई लोगों ने उन्हें रोमांटिक गाना बजने पर साथ में डांस करते भी देखा। दोनों के लिए इसे आधिकारिक बनाना बहुत नया है, एक सूत्र ने पोर्टल को बताया। काम की बात करें तो अनन्या को आखिरी बार विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित फिल्म ष्ट्ङ्गक्रू में देखा गया था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई इस फिल्म में अनन्या ने नेला का किरदार निभाया था, जो एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है, जिसकी ज़िंदगी तब तबाह हो जाती है जब वह अपने धोखेबाज़ एक्स (विहान समत) को अपनी डिजिटल ज़िंदगी से मिटाने के लिए एक॰ ह्र की मदद लेती है। वह अगली बार अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ एक फिल्म में नज़र आएंगी।



# आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती थीं यामी गौतम

आप जानते हैं कि यामी कभी फिल्मी दुनिया में नहीं आना चाहती थीं, बल्कि वो आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती थीं। एक्ट्रेस के जन्मदिन पर जानिए उनकी सक्सेस स्टोरी यामी गौतम का जन्म 28 नवंबर को बिलासपुर में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन चंडीगढ़ में बिताया। एक्ट्रेस को स्कूल में स्टेज फोबिया था। इसलिए उन्होंने कभी किसी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया।इस वजह से न तो यामी और न ही उनके परिवार ने कभी सोचा था कि वो भविष्य में बड़े पर्दे पर अपनी पहचान बनाएंगी। यामी हमेशा से आईएएस बनने का सपना देखती थीं। शादी में पत्रलेखा ने उनकी मांग में सिंदूर क्यों लगाया लेकिन कहते हैं न जिंदगी में वही होता है जो किस्मत को मंजूर होता है। एक्ट्रेस को एक्टिंग का सपना उनके पिता के दोस्त की पत्नी ने दिखाया था। उन्होंने यामी से कहा कि उनमें एक्ट्रेस बनने के सारे गुण हैं।इतना ही नहीं, यामी की उस आंटी ने एक्ट्रेस की फोटो मुंबई के एक प्रोडक्शन हाउस को भी भेजी थी। फिर यहीं से उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा। आपको बता दें कि यामी ने आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म विक्की डोनर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यह साल 2012 में रिलीज हुई थी।इसके बाद एक्ट्रेस ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और उरी जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया।यामी गौतम आखिरी बार आर्टिकल 370 में नजर आई थीं। इन दिनों एक्ट्रेस अपने नन्हे बेटे के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं।

# 40 करोड़ का बजट और 6 दिन में 2 करोड़ भी नहीं कमा पाई 'आई वांट टू टॉक'



अभिषेक बच्चन की लेटेस्ट रिलीज फिल्म, 'आई वांट टू टॉक' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट चुकी है. क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिव्यू मिलने के बावजूद ये स्लाइस ऑफ ड्रामा दर्शकों को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पाई. फिल्म टिकट खिड़की पर बेहद शर्मनाक परफॉर्म कर रही और इसके लिए मुट्ठीभर कमाई करने में भी पसीने छूट रहे हैं. चलिए यहां जानते हैं 'आई वांट टू टॉक' ने रिलीज के छठे दिन कितना कलेक्शन किया है? 'आई वांट टू टॉक' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है. वैसे इस फिल्म की शुरुआत ही काफी खराब हुई थी और इसके बाद वीकेंड पर भी इस फिल्म की कमाई में कोई इजाफा नहीं हुआ. फिर वीकडेज में तो ये पूरी तरह टिकट खिड़की पर लुढ़क गई. फिल्म को रिलीज हुए अब 6 दिन हो चुके हैं और ये 2 करोड़ की कमाई भी नहीं कर पाई है. फिल्म की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस इतनी निराशाजनक है कि रिलीज के एक हफ्ते में ही ये पर्दे से उतरती हुई नजर आ रही है.फिल्म के अब तक के कलेक्शन की बात करें तो 'आई वांट टू टॉक' ने रिलीज के पहले दिन 25 लाख की कमाई की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 55 लाख कमाए. तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 53 लाख रहा. वहीं चौथे दिन की कमाई 17 लाख और पांचवें दिन का कारोबार 20 लाख रहा. वहीं अब 'आई वांट टू टॉक' की रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।

जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग के पांच दिवसीय अमृता हाट मेले का आगाज

# हर महिला की सफलता, दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए - विधायक कोठारी

## राजस्थान भर से 80 स्वयं सहायता समूहों ने लिया भाग, उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन







**भीलवाड़ा (पुकार)।** पांच दिवसीय अमृता हाट मेले का आगाज जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को ग्रामीण हाट बाजार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक अशोक कोठारी ने ग्रामीण हाट बाजार में मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक अशोक कोठारी ने हाट मेले में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर महिला की सफलता, दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। जब हम एक दूसरे का उत्साह वर्धन करते हैं, तो और अधिक मजबूत होते हैं। हमारी मातृशक्ति को स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए व अपने आप पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने अमृता हॉट जैसे मेले, इस तरह के आयोजनों, मंच को महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक बताया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया रही। उन्होंने कहा कि अमृता हाट जैसे मेले महिला सशक्तिकरण के उत्कृष्ट मंच है, हमें कई बार हार का सामना करना पड़ सकता है लेकिन कभी हार नहीं माननी चाहिए। यदि हम बड़े-बड़े कार्य न कर सके, तो छोटे-छोटे कार्य से बड़े लक्ष्य को पूर्ण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला बाल विकास विभाग की उपनिदेशक राजकुमारी खोरवाल ने की उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा स्वयं का प्रथम श्रेणी का संस्करण बने, न की द्वितीय श्रेणी का संस्करण। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता नगेंद्र कुमार तोलंबिया ने बताया कि इस अमृता हाट मेले में राजस्थान भर से 80 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन व विपणन मेले में किया। उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें किशोरी सेन द्वारा गणेश वंदना की गयी। सुभाष नगर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा राजस्थानी नृत्य, पलक पाटिल के द्वारा मराठी नृत्य, अर्णव व काव्यांश के द्वारा मराठी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों में रोमांच पैदा कर दर्शकों को बांधे रखा। पांच दिवस तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन दोपहर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। आयोजन के दौरान विपणन को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक पुरस्कार योजना भी लागू की गई है, जिसमें 2 हजार रू. से अधिक की खरीद करने वाले उपभोक्ताओं को लकी ड्रा के द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

सेवाश्रम में विशेष बच्चों को कराई कलर थेरेपी एक्टिविटी

## कलर थेरेपी के माध्यम से बच्चों के स्वभाव में एवं उनकी दिनचर्या में निश्चित रूप से होगा सुधार- अग्रवाल



**भीलवाड़ा।** भगवती सेवा संस्थान की इकाई सेवाश्रम बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह एवं विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए कलर थेरेपी एक्टिविटी का आयोजन किया गया। सचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा की सदस्य सरोज पोद्दार के मार्गदर्शन में वंदना अग्रवाल, गुणमाला अग्रवाल एवं मनीता तोषनीवाल के सहयोग से यह एक्टिविटी कराई गई। सचिव अग्रवाल ने बताया कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए रंगों और रोशनी का इस्तेमाल करने का एक वैकल्पिक तरीका है, रंग चिकित्सा में विभिन्न रंगों का इस्तेमाल करके मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण को बेहतर बनाने की कोशिश की जाती है। कलर थेरेपी के माध्यम से बहुत ही फायदेमंद नतीजे पाए गए हैं। अभिभावकों को शिक्षित करके यह थैरेपी बच्चों को रोज घर पर कराई जाएगी, कलर थेरेपी के माध्यम से बच्चों के स्वभाव में एवं उनकी दिनचर्या में निश्चित रूप से सुधार होगा। कलर थैरेपी लंबे समय तक करनी होती है जिसका फ़ायदा नियमित थेरेपी करने से अवश्य मिलता है। बच्चों की जन्म तिथि के अनुसार कलर थेरेपी के रंग निश्चित किए जाते हैं। बच्चों के हाथ की उंगलियों के जोड़ पर अलग-अलग रंग स्केच पेन से किए जाते हैं और यह दिन में लगभग 8 से 10 घंटे लगा कर रखना होता है। जीवन में रंगों का बहुत महत्व है क्योंकि रंगों का यह इंद्रधनुष ही तो जिंदगी को रंगीन बनाता है। कार्यक्रम में सेवाश्रम अध्यक्ष मधु काबरा, कार्यकारिणी सदस्य ओम जागेटिया एवं सेवाश्रम शिक्षिका आशा काबरा, निहारिका तोषनीवाल एवं अर्पणा बहन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें...

### विमुक्त एवं घुमन्तु समुदाय के लिए आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए कल से

**सलूंबर।** जिले के विमुक्त एवं घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए जिले की समस्त पंचायत समिति एवं नगर परिषद स्तर पर 29 नवम्बर से 13 दिसम्बर 2024 तक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आई. डी. आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय वर्ग के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वास्थ्य, पेंशन, भूमि आवंटन, आवास व्यवस्था आदि से जोडने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी कर बताया कि इन शिविरों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित विकास अधिकारी, सहायक प्रभारी होंगे तथा शहरी क्षेत्र में संबंधित आयुक्त नगर परिषद सहायक प्रभारी होंगे तथा उक्त शिविर के समन्वयक जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे।

**शिविर का कार्यक्रम निम्नानुसार है!**

शिविर का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

नगर परिषद्, सलूम्बर में 29 नवंबर, पंचायत समिति सलूंबर में 2 दिसंबर, पंचायत समिति झल्लारा में 4 दिसंबर, पंचायत समिति सराडा में 6 दिसंबर, पंचायत समिति सेमारी में 9 दिसंबर, पंचायत समिति लसाडिया में 11 दिसंबर, पंचायत समिति जयसमंद में 13 दिसंबर को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### अवैध गिली लकडी का परिवहन करते 2 ट्रक जब्त



**सलूम्बर।** जिले की झल्लारा थाना पुलिस ने अवैध गिली लकडी से भरे दो ट्रक को जब्त किया हैं। थानाधिकारी धमेन्द्र सिंह वाघेला ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाने के सामने गुरूवार अल सुबह नाकाबंदी की गई। इस दौरान 2 ट्रक जिन पर काले तिरपाल ढके हुए थे, उन्हे आता देख पुलिसकर्मियों ने दोनों ट्रक को रुकवा और दोनो ट्रको के तिरपाल हटाकर देखा तो अवैध गिली लकडी भरी हुई थी। इस पर परिवहन संबंधित वैद्य दस्तावेजो के बारे मे दोनो चालको से पूछताछ की गई लेकिन कोई भी वैद्य कागजात नही बता पाया। इस पर गिली लकडी से भरे दोनों ट्रक को जब्त कर अग्रिम कार्यवाही के लिए वन विभाग को सूचित किया।

### सुदिवा स्पिनर्स मे एचआईवी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन, 452 कार्मिको की हुई स्वास्थ्य जाँच




**भीलवाड़ा।** जिले की सुदिवा स्पिनर्स प्रा. लि. सरेरी के डिस्पेन्सरी हॉल मे टी.आई. स्वयं सेवी संगठन, ग्राम ीण उत्थान मानव संस्थान, भीलवाड़ा द्वारा 'एड्स जागरुकता सप्ताह' के तहत दो दिन तक संस्थान में 452 कार्मिको की स्वास्थ्य जाँच और एचआईवी स्क्रीनिंग की गई। और सभी को एड्स से बचाव के बारे मे जागरूक किया गया। एनजीओ, ग्रामीण उत्थान मानव संस्थान, भीलवाड़ा से मथुरा लाल एव उनकी टीम ने शिविर के आयोजन मे अपना योगदान दिया। कंपनी के चेयरमैन जेसी लढ़ा द्वारा शिविर का अवलोकन करते हुए शिविर का फीडबैक लिया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पाण्डेय एव सहयोगी द्वारा किया गया तथा शिविर के संयोजक नर्सिंग स्टाफराकेश कुमार रहे।

### सर्दी की शुरूआत होते ही नन्हों को मिले स्वेटर,खिल उठे चेहरे

**फतहनगर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुड़ा (मावली) और अधीनस्थ विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डिंगरकिया में भामाशाह श्रीमती नीरू मनीष असावा की ओर से उनके पिता श्री नंदकिशोर भूतड़ा की स्मृति में कक्षा 1 से 8 के लिए स्वेटर हेतु 25000 रुपये आर्थिक सहयोग किया गया। स्थानीय विद्यालय के प्राध्यापक दीपक कुमार मंत्री ने बताया कि भामाशाह श्रीमती नीरू मनीष असावा और मनीष असावा इससे पूर्व भी विद्यार्थियों के लिए बैग और अन्य कार्यों में भी आर्थिक सहयोग कर चुके हैं। आज इस सहयोग राशि से बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे तथा बच्चों एवं शिक्षकों ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

# बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी पर कार्यशाला आयोजित



**सलूम्बर (पुकार)।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में पंचायत समिति सलूम्बर सभागार में गुरुवार को बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों सहित कुल 35 प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी के मामलों की पहचान,पीड़ितों की रिहाई और अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में सतर्कता समितियों के गठन, पुलिस टास्क फोर्स की सक्रियता, और सलूम्बर को एक पायलट मॉडल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। इसे भविष्य में उदयपुर और अन्य जिलों में लागू करने की योजना बनाई गई। कार्यशाला में अधिकारियों को प्रासंगिक कानूनों और कानूनी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए बंधुआ मजदूरी जांच फॉर्म भरने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

**कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य**

भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जुलाई 2016 में यह घोषणा की थी कि 2030 तक देशभर में 1.84 करोड़ बंधुआ मजदूरों की पहचान, रिहाई और पुनर्वास का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत, अभियोजन प्रक्रियाओं को भी सशक्त बनाया जा रहा है।विशेष कानूनी सत्र के दौरान 1976 के बंधुआ मजदूरी (उन्मूलन) अधिनियम और मानव तस्करी विरोधी प्रावधानों पर गहन चर्चा की गई और जैसा कि बंधुआ मजदूरी (उन्मूलन) अधिनियम में उल्लेखित है। 1976 के बंधुआ मजदूरी (उन्मूलन) अधिनियम में %बंधुआ मजदूरी प्रणाली% को इस प्रकार परिभाषित किया गया हैः ऐसी जबरन मजदूरी की प्रणाली जिसके अंतर्गत कोई ऋणी, लेनदार के साथ यह समझौता करता है कि वह स्वयं, अपने परिवार के किसी सदस्य या अपने पर निर्भर किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से, एक निर्दिष्ट या अनिर्दिष्ट अवधि के लिए, या तो बिना वेतन के या नाममात्र के वेतन पर उसकी सेवा करेगा। यह सेवा ऋण, किसी अन्य आर्थिक विचार, उसके या उसके पूर्वजों द्वारा प्राप्त किए गए लाभ के बदले, किसी सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए, या उत्तराधिकार के द्वारा उस पर लागू किसी दायित्व को पूरा करने के लिए की जाती है। प्रशिक्षण और अभ्यासः बंधुआ मजदूरी जांच फॉर्म भरने का हाथों-हाथ प्रशिक्षण, ताकि अधिकारी वास्तविक मामलों में इसे कुशलता से लागू कर सकें।

**यह होगी सतर्कता समिति की भूमिका**

बंधुआ मजदूरी सतर्कता समिति के गठन और उसकी सक्रियता पर विशेष जोर दिया गया और अधिकारियों के बीच समन्वय से बंधुआ मजदूरी के मामलों में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस और अन्य विभागों के बीच सहयोग को मजबूत करने की रणनीति पर प्रकाश डाला गया।बंधुआ मजदूरी के पीड़ितों को अक्सर न्यूनतम वेतन से भी कम भुगतान किया जाता है और उन्हें स्वतंत्र रूप से कहीं आने-जाने की अनुमति नहीं दी जाती। उन्हें उनके परिवारों के साथ बंधुआ स्थिति में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। मामूली अग्रिम राशि देकर नियोक्ता या तस्कर पीड़ितों को जाल में फंसा लेते हैं, जिसके बाद अत्यधिक श्रम, कम वेतन, और मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है। (इंटरनेशनल जस्टिस मिशन) के विशेषज्ञों ने पुलिस की भूमिका, एफआईआर दर्ज करने, पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों की गिरफ्तारी पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही सतर्कता समिति और जिला प्रशासन के बीच समन्वय को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। यह कार्यशाला बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी के उन्मूलन के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण कदम है।

# बदलती लाइफ स्टाइल से ड्रग एडिक्शन और डिप्रेशन की समस्या बड़ी - डॉ.नसीम जहा



**भीलवाड़ा (पुकार)।** शहर के कोटा रोड तिलक नगर स्थित नई दिशाएं नशा मुक्ति एवं मनोरोग हॉस्पिटल की और से राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नई दिशाये नशा मुक्ति केंद्र और से सेमुमा राजकीय कन्या महाविद्यालय भीलवाड़ा (राज.)के संयुक्त तत्वाधान में नई दिशाये नशा मुक्ति अभियान में डॉ. नसीम जहाँ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष व्याख्यान दिया। इस दौरान डॉक्टर नसीम जहां ने कहा कि बदलती लाइफ स्टाइल से आजकल ड्रग एडिक्शन और डिप्रेशन की समस्या बड़ी है। यह खासकर युवाओं में ज्यादा हैं, जिसका समय रहते इलाज जरूरी है। नशे के साथ साथ मानसिक समस्या बढ रही है मेरा निवेदन है की मानसिक रोग से पीड़ित मरीज को डॉ की सलाह ले और इलाज ले और आज हम सब मिलकर संकल्प ले कि ना नशा करेंगे ना किसी को नशा करने देंगे भारत को नशा मुक्त बनाएंगे। इस दौरान संस्थान के स्टाफ दीपक सोनी, जेपी सोनी, उत्कर्ष, सत्यनारायण व जयदीप मोजूद थे।

# टीपीएफ की संगठन यात्रा का चित्तौड़गढ़ आगमन पर किया स्वागत




**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** भक्ति, शक्ति, त्याग एवं बलिदान की नगरी चित्तौड़गढ़ में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम की संगठन यात्रा में बुधवार 27 नवम्बर को राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत जैन, महामंत्री मनीष कोठारी, उपाध्यक्ष विजय नाहटा, सहमंत्री राकेश सूतरिया का आगमन हुआ। टीपीएफ ब्रांच अध्यक्ष डॉ अतुल खाब्या ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान टीपीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत जैन ने टीपीएफ के शाईन की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने इन्वॉल्व यू मैटर थीम पर जोर देते हुए कहा कि यह अभियान सदस्यों को टीपीएफ से जोड़ने और समाजोपयोगी कार्यों में उनकी सहभागिता सुनिचित करने का प्रयास है। उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, और नेटवर्किंग जैसे क्षेत्रों में टीपीएफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। राष्ट्रीय महामंत्री मनीष कोठारी ने टीपीएफ में ब्रांच की क्या पॉलिसी है? किस तरीके से वह काम करें? इसकी विस्तृत जानकारी दी। महामंत्री विजय नाहटा ने बताया कि वर्तमान में टीपीएफ के 11000 से भी अधिक मेम्बर है जो की प्रोफेशनल मेंबर्स में सबसे बड़ी संस्था के रूप में है। राष्ट्रीय सहमंत्री राकेश सुतरिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कोर विजन मेंबर्स को रिकॉनेक्ट करने के बारे में बताया। फ्यूचरा हेड ऋतु सुराणा ने आयुष ढीलीवाल और स्नेहल जैन को मेम्बर बनाया। कार्यक्रम में फेलो मेंबर उदित जैन, सेंट्रल जोन उपाध्यक्ष डॉ प्रियंका ढीलीवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अनु सुराना, डॉ ऋतु खाब्या, मुदित जैन उपस्थित थे। संचालन अंकिता जैन ने किया। ब्रांच मंत्री शानू सुराना ने आभार जताया।

# ज्योतिबा फुले की 134वीं पुण्य तिथि के मौके पर माली समाज ने दी श्रंद्धाजलि



**भीलवाड़ा (पुकार)।** महात्मा ज्योतिबा फुले फूल माली समाज सेवा संस्थान द्वारा महात्मा ज्योति बा फुले की पुण्य तिथि पर माली समाज ने नेहरू रोड भीलवाड़ा स्थित ज्योति फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की। संस्थान सचिव एडवोकेट राजकुमार माली ने बताया अस दौरान अपने से पिछड़ों को आगे बढ़ाने, समाज सुधार, बेटी पढ़ाओं ओर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का एवं महात्मा जी के द्वारा अपने जीवन में किये गये सुधार को अपने जीवन में उतारने का प्रण लिया। इस मौके पर पूर्व पार्षद नन्दलाल माली, बंशी लाल माली, ज्योति बा फुले के पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल माली, अध्यक्ष बद्री पारेता, राजेंद्र तुंडवाल, माली समाज संपति ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार माली, पूर्व अध्यक्ष दौलत माली, एडवोकेट सुमित कुमार माली, छोटू लाल माली, उदय लाल गढ़वाल, चांद मल माली, किशन माली, दुर्गा लाल जजावार, एडवोकेट नवीन कुमार माली, जयकुमार माली, रूद्ध प्रताप सेनी आदि उपस्थित थे।

### प्राथमिक विद्यालयों की जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता धोला का धनेरिया में कल से

**फतहनगर (पुकार)।** प्राथमिक विद्यालयों की जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता मावली ब्लॉक के धोला का धनेरिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में शनिवार से शुरू होगी। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य शिवशंकर आमेटा के अनुसार चार दिवसीय जिला स्तरीय प्राथमिक विद्यालयी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को सुबह 11 बजे होगा जिसके मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद चन्द्रप्रकाश जोशी होंगे जबकि अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार करेंगे। इस अवसर पर उदयपुर जिला प्रमुख श्रीमती ममता कुंवर पंवार,भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्तसिंह चौहान,विधानसभा मावली प्रभारी कृष्णगोपाल पालीवाल,लोकसभा संयोजक दिनेशचन्द्र कावड़िया,मावली के पूर्व प्रधान जीतसिंह चुण्डावत,मावली विधानसभा संयोजक रोशनलाल सुथार आदि बतौर विशिष्ट अतिथि आमन्त्रित किए गए हैं।

### 17 माह बाद भी हैंडपंप का नहीं बना थाला

**फतहनगर (पुकार)।** ईंटाली पंचायत क्षेत्र में लखोलिया बावजी के स्थान पर पूर्व विधायक द्वारा स्वीकृत हैंडपंप तो खोद दिया गया मगर उसके प्लेटफार्म (थाला) अभी तक नहीं बन पाया है। इससे गंदा पानी हैंडपंप के पास ही अंदर उतर रहा है। ग्रामीण इससे परेशान हैं। ग्रामीण ईश्वरलाल गाडरी ने बताया कि देवस्थान पर आने वाले व्यक्ति यहां आते हैं। प्रसादी करते हैं और बर्तन हैंडपंप के यहां साफकरते हैं। हैंडपंप के पास प्लेटफार्म नहीं होने से चारों तरफकीचड़ ही कीचड़ हो जाता है और परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड खैरवाड़ा**

**सा.नि.वि. खण्ड खैरवाड़ा तहसील रोड खैरवाड़ा 313803**

E-Mail :- xenkherwara.pwd@rajasthan.gov.in

E-Mail :- eepwdkherwara@rediffmail.com, Telephone No. 02907-260025

क्रमांकः-टी.एस./निविदा/24-25/ 13 दिनांकः- 22.11.2024

**निविदा सूचना संख्या 13/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के 'एए' 'ए' 'बी' ''सी'' एवं ''डी'' श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए' 'ए' 'बी' ''सी'' एवं ''डी'' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.dipronline.org व http:/sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 2 कार्य |
| निविदा की लागत | रूपये 120.87 लाख |
| कुल धरोहर राशि | 2 प्रतिशत 2,41,740/-<br>1/2 प्रतिशत 60,435/- |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारिख | 29.11.2024 प्रातः 09.00 बजे से 02.12.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारिख | 03.12.2024 सायं 4.00 बजे से |

निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

निविदा द्वारा धरोहर राशि/निविदा शुल्क /निविदा प्रोसेसिंग शुल्क शासन सचिव वित्त बजट विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.6(5)वित्त /साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास के चालान द्वारा जमा कराना होगा।

**निविदा शर्ते :**

1. निविदा शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।
2. चालान रजिस्टर्ड फर्म के नाम से ही जमा करायें।

NIB Code :- PWD2425A2833
UBN No :-
1 PWD2425WSOB10359
2 PWD2425WSOB10360

**(एन.एस. डामोर)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
सा.नि.वि. खण्ड खैरवाड़ा
DIPR/C/11827/2024

## संक्षिप्त समाचार

### जटिल मोतियाबिंद की सर्जरी ने लौटाई रोशनी

**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग ने एक 65 वर्षीय व्यक्ति के जटिल मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन कर उसे आँखो की रोशनी लौटाई। दरअसल अजमेर के किशनगढ़ निवासी इस व्यक्ति को जन्म से ही केवल एक आंख से ही देखता था,लेकिन बाद में उसमें भी मोतियाबिंद की वजह से पूरी तरह अंधकार छा गया। कई वर्षों तक इस समस्या से जूझते हुए उन्होंने कई स्थानीय चिकित्सकों से परामर्श लिया, लेकिन अत्यधिक जटिलता और ऑपरेशन में संभावित जोखिम के चलते किसी उच्चस्तरीय सेन्टर पर जाने की सलाह दी। पीड़ित व्यक्ति ने पेसिफिक हॉस्पिटल भीलों का बेदला आया नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेन्द्र चौधरी को दिखाया तो जांच करने के बाद जटिल मोतियाबिन्द का पता चला और ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। हालांकि, उन्होंने मरीज और उनके परिवार को संभावित जोखिमों के बारे में भी अवगत कराया। मरीज के सफल ऑपरेशन में नेत्र रोग सर्जन डॉ.राजेन्द्र चौधरी,ऐनेस्थिशिया विभाग के डॉ,प्रकाश औदिच्य,डॉ.विजय चाहर, डॉ.सलोनी सिंह,हरीश प्रजापत एवं हीरालाल का सहयोग रहा।



नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मामला इतना जटिल था कि ऑपरेशन के दौरान आंख की संरचना को क्षति पहुंचने और दृष्टि पूरी तरह खत्म होने का खतरा था। लेकिन पीएमसीएच में उपलब्ध उच्च स्तरीय सुविधाएं एवं विशेषज्ञो की टीम के चलते यह सम्भव हो पाया।

डॉ.चौधरी का कहना कि मोतियाबिंद जैसे मामलों में समय पर उपचार बेहद जरूरी होता है। अगर मरीज समय रहते परामर्श लें और उचित चिकित्सा प्राप्त करें, तो कई जटिलताओं से बचा जा सकता है। मरीज एवं उसके परिजनो ने मैनेजमेन्ट,चिकित्सको एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### महफिले मिलाद का कार्यक्रम आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** गुलाब बाग स्थित दरगाह हज़रत शाह सय्यद अब्दुल शकुर साबिर अली चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (इमली वाले बाबा) का सालाना 291वां उर्स मुबारक में गुरुवार को बाद नमाज़ मग़रिब के महफिले मिलाद का कार्यक्रम आयोजित हुआ। दरगाह कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद रफीक शाह 'बहादुर' ने बताया कि इमली वाले बाबा साहब का सालाना उर्स मुबारक में गुरुवार को बाद नमाज मग़रिब के आस्ताने आलिया पर महफ़िले मिलाद का आयोजन किया गया जिसमें नातख्वा हज़रात ने नातो मनकबत का नज़राना और सालातो सलाम का नज़राना पेश किया गया। शुक्रवार को खांजीपिर मोहल्ले से हुसैनी कमेटी की जानिब से बाद नमाजे जुम्मा के आकिब हुसैन के नेतृत्व में चादर शरीफ का जुलुस लाया जायेगा और चादर शरीफ पेश कर दुआए मांगी जाएगी। बाद नमाजे ईशा के आस्ताने आलिया पर महफ़िले शमा का प्रोग्राम होगा जिसमें दरगाह के पगड़ीबंध कव्वाल नजीर नियाजी और उनके हमनवा सूफियाना कलाम पेश करेंगे। इसके बाद जनाब सूफ़ी आफ़ताब लियाक़ती और उनके हमनवा भी कलाम पेश करेंगे।

### खो-खो में जनजाति खेल अकादमी खेरवाड़ा का दबदबा




**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में महाराणा प्रताप खेल अकादमी खेलगांव उदयपुर में 25 से 27 नवम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो में खेरवाड़ा का दबदबा रहा। प्रशिक्षण आकाश सिसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत खो-खो में राजकीय जनजाति खेल अकादमी खेरवाड़ा की टीम प्रथम स्थान पर रही। वहीं अकादमी के रोहितकुमार डामोर ने एथलेटिक्स 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कटारिया 1 दिसम्बर को उदयपुर प्रवास पर

**उदयपुर (पुकार)।** पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया 1 दिसम्बर को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कटारिया 1 दिसम्बर 2024 को सुबह 9.25 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। वहां से प्रस्थान कर 10 बजे निजी आवास आएंगे। कटारिया रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अगले दिन सोमवार सुबह डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर 9.55 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### महिला पर्यटक से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** सूरजपोल थाना पुलिस ने महिला पर्यटक से लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रतनसिंह चौहान ने बताया कि अस्थल मंदिर रोड पर महिला पर्यटक से चलती बाईक पर पर्स लूट मामले में आरोपी भूपेन्द्र उर्फ भूपेश उर्फ भोन्दु पुत्र श्रवण निवासी टेकरी व नीरज उर्फ सल्लु पुत्र प्रेमलाल निवासी गुपड़ी हाल आदर्श नगर गायरियावास को गिरफ्तार किया।

### विवाहिता ने विषाक्त खाकर आत्महत्या की

**उदयपुर (पुकार)।** बड़गांव थाना क्षेत्र में पीहर में रह रही एक विवाहिता को मां ने किसी युवक से फोन पर बात करने को लेकर टोका तो उसने विषाक्त सेवन कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनसार संतोष (20) पुत्री स्व. लाला वागरिया निवासी ब्राह्मणों की हुंदर की शादी छह माह पूर्व डांगियों की पंचोली निवासी दिनेश कुमार वागरिया के साथ हुई थी। करीब पांच माह तक तो वह अपने ससुराल में रही और पिछले करीब एक माह से पीहर में रह रही थी। मंगलवार को वह फोन पर किसी युवक से बात कर रही थी, जिससे मां ने उसे डांट दिया। विवाहिता ने रात 10 बजे विषाक्त सेवन कर लिया। उसे उल्टियां करते हुए देखकर मां उसे चिकित्सालय लेकर गई, जहां पर उसने दम तोड़ दिया।

### मकान से लाखों की नकदी और जेवरात चोरी

**उदयपुर (पुकार)।** गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश नकदी व जेवरात चुरा ले गए। मकान मालिक सपत्निक महाराष्ट्र यात्रा पर गए हुए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार अरविन्द कुमार पुत्र चन्दनमल जैन निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 14 ने रिपोर्ट दी कि वह पत्नी सीता जैन के साथ 19 नवम्बर को सुबह 6 बजे महाराष्ट्र की तरफ यात्रा पर गए थे। वे 26 नवम्बर को उदयपुर लौटे तो मकान के ताले टूटे मिले। बदमाश बेडरूम में रखी तिजोरी को तोड़कर उसमें रखे करीब 1.50 लाख रुपए, 2.5 तोला वजनी सोने का मंगलसूत्र, 6 ग्राम सोने की अंगूठियां, 4 झुमके, चांदी की पायल आदि चुराकर ले गए।

# नेशनल फॉक फेस्टिवल : विलुप्त होती लोक कलाओं की दी प्रस्तुतियां





**उदयपुर (पुकार)।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा नेशनल फॉक फेस्टिवल के अंतर्गत विलुप्त होती कलाओं के संरक्षण हेतु संभाग स्तरीय कार्यक्रम ओम कोठारी ग्रुप ऑफ़ एज्युकेशनल इंस्टिट्यूट में गुरुवार को आयोजित किया गया। विलुप्त होती लोक कलाओं के संरक्षण व युवाओं में इसके प्रति चेतना जगाने हेतु इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण से विधायक श्रीमान संदीप शर्मा जी रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान निदेशक डॉ अमित सिंह राठौड़, नेहरू युवा केंद्र से श्री सचिन, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर से सिद्धांत भटनागर, कॉलेज एजुकेशन के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ गीताराम जी, असिस्टेंट प्रोफेसर व कोटा कॉलेज एजुकेशन एनएसएस कोऑर्डिनेटर श्रीमती रीना कुमारी, कोशिश एनजीओ से पंकज शर्मा, समाजसेवी यज्ञदत्त हाडा, कार्यक्रम संचालक प्रतीक गुप्ता, व्याख्यातागण एवं विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात हमारी विलुप्त होती कलाओं की उत्कृष्ट झांकी उपस्थित जनों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस कड़ी में सर्वप्रथम मांगलिक अवसरों पर किए जाने वाले राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य कच्छी घोड़ी की प्रस्तुति दी गई। बांरा से आए गणेश कुमार सोनी व दल ने शानदार कच्ची घोड़ी नृत्य द्वारा समा बांध दिया। इसके पश्चात कंजर जाति के लोक नृत्य चकरी नृत्य की भव्य प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। अस्सी कली का घाघरा पहने हुए चकरी नृत्य करती हुई महिलाओं ने सभी को रोमांचित कर दिया। इसके पश्चात होली के अवसर पर बांरा की सहरिया जनजाति द्वारा किया जाने वाला सहरिया स्वांग नृत्य सभी के सामने प्रस्तुत किया गया। लोक कलाकारों ने शरीर को पेंट द्वारा व पक्षियों के पंख द्वारा सजा रखा था। इस भव्य प्रस्तुति ने सबके मन को मोह लिया। ओम कोठारी सभागार में देर तक विद्यार्थियों की इन प्रस्तुतियों के लिए तालियां बजती रहीं। सभी उपस्थित लोगों ने लोक कलाकारों के सम्मान में जोरदार करतल ध्वनि की।

मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को इन कलाओं के बारे में जानना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह लोक कलाएं भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हमारी संस्कृति विश्व में सर्वोच्च स्थान रखती है और युवाओं को भी इसके संरक्षण हेतु आगे आना चाहिए। संस्थान निदेशक व अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी सभी को आशीर्वचन कहे व लोक कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में सिद्धांत भटनागर द्वारा सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद दिया गया।

# जनजाति क्षेत्र में चल रही सीएसआर गतिविधियों की ली जानकारी

### राष्ट्रीय जनजाति आयोग के चेयरमैन का उदयपुर दौरा

### हिंदुस्तान जिंक के अधिकारियों से की मुलाकात



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर दौरे पर आए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के चेयरमैन अंतर सिंह आर्य गुरुवार को स्वरूपसागर स्थित हिंदुस्तान जिंक के कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर जनजाति क्षेत्र में चल रही कंपनी की सीएसआर गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने जनजाति क्षेत्र में चल रही कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि कंपनी की गतिविधियां सराहनीय है जिससे जनजाति बाहुल्य इलाके में आमजन विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त करने एवं रोजगार से जोड़ने के प्रशंसनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्राइफेड से महिलाओं और उनसे जुड़े स्वंय सहायता समूहों को जोड़ें जिससे प्रचार-प्रसार एवं विपणन में महिलाओं एवं समूहों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से जनजाति क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर कार्य किया जाए।

इस दौरान हिंदुस्तान जिंक के मनीष वासुदेव ने कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी दी एवं अनुपम निधि ने सीएसआर गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। इस अवसर पर टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर, जनजाति आयोग के अधिकारी, हिंदुस्तान जिंक की ओर से निष्ठा गुप्ता, हेमंत नागदा, रवि दवे आदि मौजूद रहे।

# सिटी पैलेस के गेट खुले, प्रशासन ने भी धारा 163 समाप्त की

**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ राजघराने में धूणी दर्शन को लेकर विवाद समाप्त होने के बाद गुरुवार देर शाम साढ़े छः बजे सिटी पैलेस के गेट खोल दिए गए। राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह ने स्वयं आकर सिटी पैलेस के दरवाजे खुलवाए।



वहीं जिला प्रशासन ने भी धारा 163 समाप्त कर दी है। 25 नवंबर को सिटी पैलेस से लेकर जगदीश चौक तक सभी दुकानों को बंद करवाया गया था लेकिन गुरुवार को प्रतिबंधात्मक आदेश प्रत्याहरित करने के बाद दुकानें खुलनी शुरू हो गई। धारा 163 लागू होने से जगदीश मंदिर से लेकर सिटी पैलेस तक के 500 मीटर के दायरे में आने वाली 70 से ज्यादा दुकानों के बाहर सन्नाटा पसरा रहा।

जिला मजिस्ट्रेट अरविंद पोसवाल ने आदेश जारी कर शहर के सिटी पैलेस क्षेत्र में लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश को प्रत्याहरित कर लिया है। आदेश के अनुसार संबंधित क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल होने एवं परिशांति कायम होने से पूर्व जारी प्रतिबंधात्मक आदेश को त्वरित प्रभाव से प्रत्याहरित किया गया है।

दूसरी ओर पुलिस ने 26 नवंबर को स्वतः संज्ञान लेते हुए सिटी पैलेस से पत्थरबाजी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस द्वारा बनाए गए वीडियो और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने के बाद आरोपियों की पहचान की जाएगी। इसके बाद नामजद कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 26 नवंबर को हुई पत्थरबाजी की घटना में एक पुलिसकर्मी, एक महिला सहित करीब 5 लोग घायल हुए थे।

### पहाड़ी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर की ओर से उदयपुर जिले के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित सरकारी स्कूल के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान की सेवा टीम से जुड़े युगलकिशोर जोशी ने बताया कि गोगुंदा पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाषपुरा में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। उदयपुर शहर से 27 किलोमीटर दूर इस स्कूल में बच्चों को चप्पल भी बांटे गए। प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा ने राजस्थान समाज सेवा संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाने यह अभियान लगातार जारी है। कोई भी समाजसेवी भी इसमें सहयोगी बन सकता है। इस सीजन में अब तक तीन स्कूलों में स्वेटर वितरित किए जा चुके है।

# शोध कार्यशाला में हो रहा है लैब विद्यालयों का तुलनात्मक अध्ययन



**उदयपुर (पुकार)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) उदयपुर के तत्त्वावधान में योजना एवं प्रबंध प्रभाग में प्रभाग स्तरीय शोध के तहत दत्त विश्लेषण एवं प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला में लैब विद्यालयों की गतिविधियों का अन्य विद्यालयों से तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। डाइट प्रधानाचार्य डीईओ चन्द्रशेखर जोशी के अनुसार डाइट के पीएंडएम प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी एवं प्रभारी त्रिभुवन चौबीसा के मार्गदर्शन में दत्त विश्लेषण एवं प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला का आयोजन डाइट उदयपुर में गत सोमवार से शुरू किया गया। इसमें डाइट के चयनित लैब विद्यालयों का अन्य विद्यालयों से सीसीई, सीसीपी,एवं एबीएल गतिविधियों के संदर्भ में तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी के अनुसार इस शोध अध्ययन में जिले के वल्लभनगर, बडगांव, कुराबड़,मावली व गिर्वा सहित कुल 5 ब्लॉक से 18 लैब स्कूल एवं 18 ही अन्य विद्यालयों के संस्था प्रधान, हेड टीचर तथा हिंदी पर्यावरण व अंग्रेजी गणित के विषयाध्यापकों की अभिमतावली तैयार कर दत्त संकलन किया गया। प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर निष्कर्ष प्राप्त किया जाएगा। शोध दल में डॉ श्रुति ओझा,श्रीमती शैलेष आर्य तथा डॉ.यशवंत आमेटा शामिल रहे। कार्यशाला से प्राप्त विभिन्न निष्कर्षों की आगामी दिनों में डाइट में समीक्षा कर अनुशंसा आरएससीईआरटी को भेजी जाएगी। कार्यशाला का समापन शनिवार को होगा।

**प्रशिक्षण आज से :** डाइट के कार्यानुभव प्रभाग द्वारा 21वीं सदीं के कौशल एवं व्यावसायिक शिल्प आधारित प्रशिक्षण दो दिवसीय शुक्रवार 29 नवंबर से 30 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी डॉ जगदीश कुमावत ने दी।

# चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 11 जनवरी से

### विद्योदय के पोस्टर का किया विमोचन




**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान, उदयपुर की ओर से 11-12 जनवरी 2025 को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित ओकेजन गार्डन एवं बैंक्वेट में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के प्रबुद्ध सीए भाग लेगें। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक़ जैन ने बताया की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में टैक्स रिफ़ॉर्म्स, इन्कम टेक्स, जीएसटी, कम्पनी अधिनियम, केपिटल मार्केट, सीए फर्मों की नेटवर्किंग, देश की अर्थव्यवस्था, वैश्विक आर्थिक चुनौतियां, प्रोफेशनल ऑपोर्ट्यूनिटीज़ और डिजिटल युग में नवाचार जैसे अनेक विषयों पर छह सेशनों में चर्चा होगी। शाखा उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में भारतीय सीए संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सीएमपी कमेटी चेयरमेन, सेंट्रल काउंसिल मेंबर्स एवं रीजनल काउंसिल मेंबर्स आदि उपस्थित रहेगें। कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी सीए हितेश भदादा ने बताया कि विशेषज्ञ के रूप सीए गिरीश आहूजा, सीए बिमल जैन, सीए अनिकेत तलाटी, सीए देबाशीश मित्रा, सीए मिलिंद मेहता, ज्ञान वात्सल्य स्वामी अपने विचार रखेगें और प्रतिभागियों के साथ संवाद करेगें।

कॉन्फ्रेंस निदेशक सीए योगेश पोखरना, कॉन्फ्रेंस संयोजक सीए अभिषेक संचेती के निर्देशन में नेशनल कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के लिए विभिन्न कमिटियों का गठन किया गया है। मीडिया प्रभारी सीए सौरभ गोलछा ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य सीए मेंबर्स को सशक्त बनाना और वित्तीय क्षेत्र में उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस कॉन्फ्रेंस में तकनीक, स्थिरता और सुशासन के माध्यम से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की बदलती भूमिका पर गहन चर्चा की जाएगी।

**कमिटीयों को सौंपी जिम्मेदारियां :** प्रबुद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की उपस्थिति में गुरुवार को राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस- विद्योदय का पोस्टर भी जारी किया गया। अमित जैन और प्रतीक हिंगड़ को रजिस्ट्रेशन, अंकित जैन को प्रिंटिंग, अंशुल मोगरा को वित्त, विशाल मेनारिया और अंकित को आंतरिक व्यवस्था, तुलसीराम डाँगी को किट, नमन अग्रवाल को आवास, गौरव व्यास को मंच संचालन, नरेश माहेश्वरी को भोजन, अरुण रत्नावत को स्वागत, आशीष ओस्तवाल को निमंत्रण, सौरभ गोलछा को मीडिया, अनुप चपलोत को परिवहन, विमल सुराणा को सांस्कृतिक, हितेन्द्र शर्मा को स्मृति चिह्न, वैभव तलेसरा और अंतरिक्ष सुराणा को स्पीकर कोआर्डिनेशन, अदब बाबेल को टेंट डेकोरेशन, चंद्र प्रकाश बालदी को कॉन्फ्रेंस प्रमोशन और हर्षित जैन को एड हॉक कमिटीयों की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

# 'भगवान महावीर का सापेक्ष अर्थशास्त्र' विषय पर वार्ता कल

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री तथा तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अपरान्ह 1.30 बजे यूसीसीआई भवन के पीपी सिंघल ऑडिटोरियम में 'भगवान महावीर का सापेक्ष अर्थशास्त्र' विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि मुनिश्री सम्बोध कुमार 'मेधांश' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हैं। अध्यक्ष एम.एल. लूणावत ने सभी धर्मप्रेमी महानुभावों से कार्यक्रम में पधारने एवं मुनिश्री सम्बोध कुमार 'मेधांश' के आशीवचनों का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# प्रतिबंधात्मक आदेश प्रत्याहरित

**उदयपुर (पुकार)।** जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द पोसवाल ने एक आदेश जारी कर शहर के सिटी पैलेस क्षेत्र में लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश को प्रत्याहरित कर लिया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल होने एवं परिशांति कायम होने से पूर्व जारी प्रतिबंधात्मक आदेश को त्वरित प्रभाव से प्रत्याहरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व राजपरिवार के सदस्यों के बीच धूणी माता मंदिर में दर्शन को लेकर उपज विवाद के चलते कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना के मद्देनजर जिला मजिस्टेउट ने 26 नवम्बर को प्रतिबंधात्मक प्रावधान लागू किए थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.